हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# आंसू गैस से मची अफरा-तफरी, टकराव में एसआई समेत 16 पुलिसकर्मी घायल, नेता-पत्रकार भी चपेट में





लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास घेराव के आह्वान के विरोध में बुधवार को रायपुर में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। कांग्रेस कार्यालय के घेराव के लिए पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नारेबाजी, धक्का-मुक्की और संघर्ष जैसे हालात बन गए, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन को हालात नियंत्रित करने के लिए पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा और बाद में आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। आंसू गैस की चपेट में बड़ी संख्या में लोग आए। पुलिस के जवान, दोनों दलों के कार्यकर्ता और पत्रकार की तबीयत बिगड़ गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दोनों दलों के बीच हुए टकराव में एक एसआई समेत 16 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें से दो की हालत गंभीर है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा की ओर से पहले ही कांग्रेस कार्यालय घेराव का ऐलान किया गया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी देश में अराजकता और हिंसा का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के विरोध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच कर रहे थे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय के आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। बैरिकेडिंग कर भाजपा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका गया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान बैरिकेड हटाने का प्रयास किया, जिससे माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की शुरू ▶▶| शेष पेज 13 पर

खास खबर

### सब इंस्पेक्टर सहित 16 से अधिक पुलिस कर्मी घायल

रैली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और रैली को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल द्वारा बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही थी। कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा बैरकेडिंग के पीछे से चढ़कर नारेबाजी किए जाने और पत्थर एवं बोतलें फेंके जाने से अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई, जिसमें ड्यूटी पर तैनात पुलिस के 16 जवान घायल हो गए। घायलों में एक महिला आरक्षक सहित दो पुलिस जवानों को गंभीर चोटें आई , पुलिस द्वारा वाटर ▶▶| शेष पेज 13 पर

**भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे**

**भाजपा कार्यकर्ताओं पर नहीं, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस छोड़ी गई- सुशील**



### 12 कांग्रेसियों पर एफआईआर दर्ज

शंकरनगर में राजीव भवन के पास भाजपा-कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान अफरातफरी का माहौल रहा। इस मामले में शासन की ओर से टीआई भावेश कुमार गौतम की शिकायत पर पुलिस ने 12 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर नामजद एफआईआर दर्ज की है। इनमें सुनील कुकरेजा, विनोद तिवारी, सकलेन कामदार, आकाश तिवारी, अजीत कुकरेजा, हनी बग्गा, शांतनु झा, गावेश साहू, खुबी डहरिया, सागर दुल्हानी, अजीज भिंसरा एवं अमित तिवारी एवं अन्य के नाम शामिल हैं।

### आंसू गैस के गोले छोड़े

प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड्स तोड़कर भाजपा सदस्य आगे बढ़ रहे थे, तभी कांग्रेस के कार्यकर्ता सामने आ गए। दोनों ओर से पानी के पाउच, डंडे और चप्पल बरसने लगे थे। स्थिति बेकाबू होती देख प्रशासन ने पहले वाटर कैनन से भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया, लेकिन जब प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे, तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। आंसू गैस के कारण प्रदर्शन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया और स्थिति को शांत कराया। सुरक्षा के मद्देनजर कांग्रेस मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। घटना के कारण शंकर नगर और आसपास के मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।





बच्चे हुए परेशान

## खबर संक्षेप

### दोस्ती का भरोसा तोड़ा बैंक से उड़ा ली रकम

रायपुर। कबीर नगर थाना क्षेत्र में दोस्ती का भरोसा तोड़कर बैंक खाते से 5.59 लाख रुपए पार करने की घटना सामने आई है। गुलशन यादव ने अपने दोस्त दिनेश्वर राम टोप्पो के मोबाइल का पासवर्ड चुपके से देख लिया, फिर मौका पाकर मोबाइल गायब कर उसके बैंक खाते से अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद गुलशन के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर पता चला कि आरोपी ने अपनी पत्नी के अकाउंट में सबसे ज्यादा रकम ट्रांसफर की है।

### सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने की कोशिश, गिरफ्तार

रायपुर। सोशल मीडिया पर पिस्टल जैसी दिखने वाली लाइटर गन के साथ फोटो पोस्ट कर



दहशत फैलाने की कोशिश करना युवक को महंगा पड़ गया। टिकरापारा पुलिस ने राहुल छतरी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उससे कान पकड़कर माफी मंगवाई। पुलिस के अनुसार इंटरनेट मीडिया पर हथियार या हथियार जैसी वस्तुओं के साथ फोटो और वीडियो प्रसारित कर लोगों में भय का माहौल बनाने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### अब गोलबाजार थाने में भी ई-मालखाना

रायपुर। पुलिस कमिश्नरेट रायपुर के मध्य जोन अंतर्गत थाना गोलबाजार में बुधवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित कांबले द्वारा ई-मालखाना का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कमिश्नरेट रायपुर में ई-मालखाना की शुरुआत थाना कोतवाली से की गई थी। इस पहल के माध्यम से पुलिस अभिरक्षा में रखी जाने वाली जब्त संपत्तियों एवं माल-मशरूका के रखरखाव को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाया जा रहा है।

# एनीकट 22 इंच ओवरफ्लो, टर्बिडिटी 800 पीपीएम पार, पानी शुद्ध करने 3 गुना एलम की डोज

**खारुन के नेचुरल फ्लो में अशुद्धियों की मात्रा ज्यादा, फिल्टर बेड की दिन में दो बार करानी पड़ रही सफाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्राकृतिक बहाव से खारुन नदी में भरपूर पानी आ रहा है, जिसके कारण नगर निगम का भाठागांव स्थित एनीकट 22 इंच ओवरफ्लो चल रहा है। बरसाती पानी में अशुद्धियों की मात्रा ज्यादा होने और मटमैलापन बढ़ने से इसकी टर्बिडिटी 800 पीपीएम तक जा पहुंची है। मिट्टी सहित कई तरह की अशुद्धियों को देखते हुए फिल्टर प्लांट के अधिकारियों ने एलम की डोज तीन गुना ज्यादा बढ़ा दी है। मानसून सीजन से पहले पानी को उपचारित करने में प्रतिदिन 5 टन एलम की जरूरत होती, अब उसकी मात्रा को बढ़ाकर 15 टन किया गया है। फिल्टर बेड की दिन में एक नहीं, बल्कि दो बार सफाई कराई जा रही है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि सामान्य दिनों में रॉवाटर ट्रीटमेंट के लिए फिल्टर प्लांट से नार्मल प्री बैक्टिया ट्रीटमेंट होता था, पानी में अशुद्धियों की मात्रा ज्यादा होने से अब दो तरह के ट्रीटमेंट अपना रहे हैं, जिसमें प्री बैक्टीरिया ट्रीटमेंट के अलावा पोस्ट बैक्टीरिया ट्रीटमेंट शामिल है।



**44 फिल्टर बेड से गुजर कर पूरी हो रही जलशुद्धिकरण प्रक्रिया**

*नगर निगम के फिल्टर प्लांट में नदी से मिल रहे कच्चे पानी को पीने लायक शुद्ध बनाने 44 फिल्टर बेड से होकर प्रक्रिया पूरी होती है। बारिश के सीजन को देखते हुए ऐहतियात के तौर पर 44 बेड की 12-12 घंटे के अंतराल में दो बार सफाई कराई जा रही है। फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण का कार्य बिना किसी अवरोध प्रक्रिया के तहत लगातार 24 घंटे किया जा रहा है। इसके लिए प्लांट में 80 एमएलडी के पुराने प्लांट, 150 एमएलडी और 80 एमएलडी के नए प्लांट स्थापित हैं। रॉ वाटर में मिट्टी के कण सहित विभिन्न तरह की अशुद्धियां मिली रहती है इसलिए इसे साफ करने 44 फिल्टर बेड लगाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक पहले सर्किल में फिल्टर बेड की सफाई सुबह 9 बजे से शुरू करने का सिस्टम बनाया गया है, दूसरे चक्र में 12 घंटे के बाद दोबारा फिल्टर बेड की की सफाई कर जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।*

# करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन ईडी की कार्रवाई के बाद युवक ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए के विदेशी ट्रांजेक्शन के मामले में ईडी ने पिछले वर्ष अप्रैल में एक युवक के आवास में छापे की कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद युवक ने अपने मौसेरे भाई के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। युवक ने पुलिस को बताया है कि उसके मौसेरे भाई ने उसके नाम का अकाउंट खोल कर उसका फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक अकाउंट ऑपरेट कर करोड़ों रुपए विदेश ▶▶| शेष पेज 13 पर

- बेरोजगार भाई को मौसेरा भाई रोजगार दिलाने का झांसा देकर अपने साथ मुंबई ले गया

### संदिग्ध लेन-देन मिलने पर ईडी ने की की कार्रवाई

संदीप के अकाउंट में विदेशों में संदिग्ध लेन-देन मिलने पर ईडी के रायपुर जोनल कार्यालय ने 22 अप्रैल 2025 को छापे की कार्रवाई की थी। संदीप ने पुलिस को बताया है कि छापे के दौरान उसके घर से ईडी ने केवल एक मोबाइल फोन जब्त किया और पूछताछ की। इसी दौरान पहली बार उसे पता चला कि जिस कंपनी में वह डायरेक्टर था, उसके बैंक खातों से करोड़ों रुपए विदेश भेजे गए हैं। आरोप है कि उसके नाम और पहचान का इस्तेमाल कर पूरे वित्तीय लेनदेन को अंजाम दिया गया, जबकि बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबर किसी और के थे। उसका दावा है कि उसे एक 'डमी डायरेक्टर' की तरह इस्तेमाल किया गया और पूरे मामले में फंसाने की साजिश रची गई।

### अकाउंट का मोबाइल नंबर किसी दूसरे में लिंक

युवक ने शिकायत में उल्लेख किया है कि उसका मौसेरा भाई उसे मुंबई ले गया, जहां उसने उसके नाम से एसबीएम बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और आरबीएल बैंक में कंपनी के खाते खुलवाए। बैंक रिकार्ड में उसे अधिकृत लेनदेनकर्ता के रूप में दर्ज किया गया, लेकिन उसकी जानकारी के बिना किसी अन्य मोबाइल नंबर को खातों से लिंक कर दिया गया। इस कारण खातों में होने वाले लेनदेन की जानकारी उसे नहीं मिल सकी।

# आबकारी घोटाले में पूछताछ के लिए रामगोपाल की 3 दिन पुलिस रिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाले के बाद शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को ईओडब्ल्यू, एसीबी की टीम ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर देने फैसला सुनाया। कोल के बाद शराब घोटाला प्रकरण में जांच एजेंसी ने उन्हें 17 जुलाई को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी के आवेदन पर तब कोर्ट ने उन्हें पूछताछ करने 22 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर देने फैसला सुनाया था। रिमांड समाप्त होने के बाद उन्हें पुनः कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 25 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर देने का फैसला सुनाया गया है।

- 8 जुलाई से ईओडब्लू-एसीबी की कस्टडी में हैं कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष
- पांच दिन की रिमांड समाप्त होने के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया

ईओडब्ल्यू, एसीबी ने रामगोपाल अग्रवाल को कोल घोटाले के आरोप में विगत 8 जुलाई को हिरासत में लिया था। दूसरे दिन उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। मामले की पूछताछ करने जांच एजेंसी ने 17 जुलाई तक पुलिस रिमांड मांगी थी। जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि आबकारी घोटाले से ▶▶| शेष पेज 13 पर

**सप्ताहभर से सक्रिय मानसून से प्रदेश में जोरदार वर्षा, सारंगढ़ में औसत से दोगुना पानी**

# आषाढ़ में सावन की झड़ी...भारी बारिश से रायपुर समेत 30 इलाके सराबोर, दो दिन जारी रहेगा दौर

**राज्य में 381 मिमी. बारिश जो औसत से 17 प्रतिशत कम, 11 जिले सामान्य से कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सप्ताहभर से सक्रिय मानसून के दौरान बुधवार को राजधानी में आषाढ़ के महीने में सावन की झड़ी लगी रही। इससे पहले शहर के साथ राज्य के 30 स्टेशनों में भारी से अतिभारी बारिश हुई। अनुमान है कि पानी बरसने का दौर अगले दो दिन तक जारी रहेगा। राज्य में अब तक 381 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 17 फीसदी कम है। राज्य में सारंगढ़ में औसत से दोगुनी बारिश हो चुकी है, मगर 11 जिले का कोटा सामान्य से कम है। जुलाई के महीने में दूसरी बार तगड़ा सिस्टम बना है, जिसका असर सप्ताहभर से व्यापक रूप से हो रहा है। बस्तर और सरगुजा संभाग को छोड़कर शेष इलाकों में भारी वर्षा का दौर जारी रहा।



### पिछले चौबीस घंटे में यहां हुई बारिश

*पिछले चौबीस घंटे में सूरजपुर में 190, छाल, करतलाा में 150, तमनार में 120, अंबिकापुर, लटोरी, बरपाली में 100-100 मिमी, पुसौर, भैसमा, औंधी में 90-90, रायपुर, मोहला, मंदिर हसौद, सोनहत, रामानुज नगर में 80-80, छुरिया, रायगढ़, डोंगरगांव, बलौदा, राजनांदगांव, प्रेम नगर, बालोद, डोंडीलोहरा, बलौदाबाजार, माना सहित अन्य स्थानों में 70 मिमी. तक बारिश हुई।*

### सारंगढ़ में सबसे ज्यादा कांकेर में सबसे कम

मौसम विभाग के मुताबिक इस सीजन में राज्य में सबसे ज्यादा बारिश सारंगढ़ में 613 मिमी. बारिश हुई जो सामान्य 373 से 64 फीसदी अधिक है। इसके अलावा मुंगेली में 525 मिमी, जांजगीर में 574, बिलासपुर में 492 मिमी. बारिश हुई है जो सामान्य से अधिक है। रायपुर 450 मिमी. के साथ सामान्य स्थिति में है। इसके अलावा कांकेर 257 मिमी. 50 फीसदी, सरगुजा में 249.9 मिमी. जो सामान्य से 49 फीसदी, कोंडागांव में 279 मिमी. यानी 39, मोहला-मानपुर में 265 मिमी. जो 38, सूरजपुर 371 मिमी. जो 23 फीसदी, सुकमा 309 जो सामान्य से 35 प्रतिशत कम है।

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की कॉलोनियों में लाखों रुपए का मेंटेनेंस शुल्क बकाया

## डूमरतराई एवं बोरियाकला कॉलोनियों के बकायादार हितग्राहियों से शीघ्र भुगतान की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के बहुमंजिला भवन हिमालयन हाईट्स, डूमरतराई एवं बोरियाकला कॉलोनियों में हितग्राहियों द्वारा लैंड मेंटेनेंस चार्ज, कॉमन मेंटेनेंस चार्ज और जल प्रभार का नियमित भुगतान नहीं किए जाने से कॉलोनियों के रखरखाव एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

हिमालयन हाईट्स, डूमरतराई कॉलोनी में करीबन 800 आबंटित भवनों के विरुद्ध 197 हितग्राहियों से करीबन 185.35 लाख रुपए की मेंटेनेंस शुल्क राशि बकाया है। इनमें से 1.50 लाख से अधिक के 13 रहवासी,1 लाख से रु.1.50 लाख के 50 रहवासी,50 हजार से रुपए 1 लाख के 130 रहवासी तथा 50 हजारपए तक के 4 रहवासी की बकाया राशि लंबित है। इसी प्रकार बोरियाकला कॉलोनी में लगभग 4,155 आबंटित भवनों के विरुद्ध 1716 हितग्राहियों से करीबन 345.20 लाख रुपए की मेंटेनेंस शुल्क राशि बकाया है। इनमें से 1.50 लाख रुपए से अधिक के 1 रहवासी, 1.00 लाख रुपए से 1.50 लाख के 5 रहवासी, 50 हजार रुपए से 1 लाख के 216 रहवासी तथा 50 हजार रुपए तक के 1494 रहवासी की बकाया राशि लंबित है। मंडल द्वारा कॉलोनियों में सड़कों, नालियों, उद्यानों, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति व्यवस्था, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य रखरखाव कार्यों पर नियमित व्यय किया जाता है। इन कार्यों के लिए आवश्यक राशि एल.एम.सी., सी.एम.सी. एवं जल प्रभार के माध्यम से प्राप्त होती है।

खास खबर



### बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करें

निर्धारित शुल्क समय पर जमा नहीं होने से इन आवश्यक सेवाओं के संचालन एवं रखरखाव पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से लिफ्टों के नियमित संचालन एवं रखरखाव, विद्युत देयकों के समय पर भुगतान तथा कॉलोनियों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। बकाया राशि की वसूली के लिए प्रक्षेत्र रायपुर के संबंधित संभाग कार्यालय द्वारा सभी बकायादार हितग्राहियों को नोटिस जारी कर बकाया मेंटेनेंस शुल्क, एलएमसी., सीएमसी एवं जल प्रभार की राशि शीघ्र जमा करने अनुरोध किया गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र रायपुर के अपर आयुक्त एस.के. भगत नेबकायादार हितग्राहियों से अपील की है कि वे एलएमसी, सी.एम.सी. एवं जल प्रभार की बकाया राशि शीघ्र जमा कर मंडल को कॉलोनियों के सुचारु रखरखाव, लिफ्ट संचालन, स्वच्छता व्यवस्था तथा बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप



### संगठन के कार्यों को नीचे तक ले जाने में सभी प्रकोष्ठ सक्रियता दिखाएं

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह-संयोजकों की बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी अवधेश चंदेल, सह प्रभारी चुन्नीलाल साहू मौजूद रहे। समस्त प्रकोष्ठों की बैठक को सबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह-संयोजकों को नवीन दायित्व के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, संगठन के कार्यों को नीचे तक लेकर जाना है। साथ ही पार्टी द्वारा दिए गए दायित्वों को समय पर पूरा करना है और प्रकोष्ठ की मजबूती के लिए सभी प्रकोष्ठों का विस्तार भी करना है। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी एवं सह प्रभारियों की भी बैठक में दिशा निर्देश दिए गए।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ धरना अब 25 जुलाई को



**रायपुर।** दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन की वजह से स्मार्ट मीटर को लेकर धरना कार्यक्रम संशोधित कर 25 जुलाई को किया गया है। इस सबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मो. सिद्दीक ने बताया कि स्मार्ट मीटरों को उखाड़ कर पुराने मीटर लगाने, नए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने और बेतहाशा बढ़कर आए बिजली बिलों को ठीक करने की मांग को लेकर 25 जुलाई को कांग्रेसजनों द्वारा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजीव गांधी चौक पुराने फायर ब्रिगेड के पास धरना दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर के कारण बढ़ते बिजली बिलों के खिलाफ इस धरने में आपकी उपस्थिति आंदोलन को मजबूत करेगी।

### राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ अखिल कार्यसमिति की हुई बैठक, कई मांगों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** बिधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय सभाकक्ष कल्याणी पश्चिम बंगाल में बुधवार को राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ अखिल कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री बोधीराम निषाद ने वृत्त निवेदन किया, जिसमें प्रमुख रूप से मांगें रखी गई हैं, केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू हो, आठवां वेतनमान शीघ्र लागू करने की कार्यवाही पूर्ण हो, छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रशासनिक न्यायाधीकरण की स्थापना हो, कर्मचारियों को 25 वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर पूर्ण पेंशन का लाभ प्राप्त हो, पुरानी पेंशन लागू की जाए, समस्त विभागों मे वेतन विसंगति का अतिशीघ्र निराकरण हो, कैशलेस की सुविधा का क्रियान्वयन अतिशीघ्र किया जाए। इस प्रकार अन्य राज्यों जैसे उत्तरप्रदेश, केरल, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, अंडमान निकोबार इत्यादि के प्रतिनिधिमंडल ने वृत्त के माध्यम से अपने राज्य के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए रखा। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी चेलक ने देते हुए बताया कि बैठक में छतीसगढ़ से राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ महामंत्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अमोद श्रीवास्तव, मनीराम, प्रदेश महामंत्री बोधीराम निषाद के अलावा अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुए।

### भाजपा सरकार के सभी मंत्री और शहर के विधायकों ने प्रदर्शन में लिया हिस्सा

# कांग्रेस ने पूरे देश में अराजकता का वातावरण पैदा करने की योजना बनाई है: किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा द्वारा कांग्रेस कार्यालय घेराव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, कांग्रेस ने पूरे देश में अराजकता का वातावरण पैदा करने की योजना बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में गलत बयानबाजी, अपशब्दों का प्रयोग और उनके आवास पर आंदोलन करके राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश का माहौल खराब करने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को भेजकर आंदोलन कर रहे लोगों को भड़काने का काम कांग्रेसी कर रहे हैं, 'बिलो दि बेल्ट' की राजनीति करना राहुल गांधी और कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र हो गया है। कांग्रेस सोचती है कि वह जितनी नकारात्मक राजनीति करेगी, भाजपा नेताओं को गालियाँ देगी, उनके खिलाफ साजिश रचेगी, उतना ही जनता उनके साथ आएगी; परंतु ऐसा कभी नहीं होगा।




### यह राहुल गांधी की राजनीतिक उच्छृंखलता : साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस मौके पर कहा, राहुल गांधी बिना किसी को कोई सूचना दिए प्रधानमंत्री निवास के बाहर जाकर आंदोलन करने लगे। यह राहुल गांधी की राजनीतिक उच्छृंखलता को दर्शाता है। राहुल गांधी खुद को देश और यहां के संविधान से बड़ा मानते हैं। न उन्हें देश के संविधान पर आस्था है, न ही संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने देश में अराजकता फैलाने की कोशिश की है, लेकिन हिंदुस्तान यह नहीं सहेगा। राहुल गांधी का यह कृत्य अत्यन्त निन्दनीय है।

### ये रहे उपस्थित

घेराव के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवन्त जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कंडेय, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन, दयालदास बघेल, गुरु खुशवंत साहेब, टंकराम वर्मा, राजेश अग्रवाल, लक्ष्मी रजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, इंद्रकुमार साहू, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र पटनी, महापौर मीनल चौबे, जिला मंत्री अमित साहू, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, सहित भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सभी पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम साय ने कहा- राहुल गांधी का आचरण लोकतांत्रिक गरिमा के प्रतिकूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ जनता ऐसे राजनीतिक स्टंट को स्वीकार नहीं करेगी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास के बाहर उनका आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के प्रतिकूल और निंदनीय है। नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से इस प्रकार के राजनीतिक स्टंट की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री ने कहा, नीट पेपर लीक जैसे मामले को केंद्र सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं पेपर लीक को पाप बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कह चुके हैं। परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परीक्षा दोबारा पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई और उसका परिणाम भी घोषित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मुद्दे की आड़ लेकर युवाओं को भ्रमित करने और देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के बाहर विपक्ष द्वारा किया गया प्रदर्शन लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा, देश की जनता इस प्रकार की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी और लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

### विद्यार्थियों को बांटे गए आय-निवास प्रमाण पत्र

**रायपुर।** जिले के विभिन्न चयनित विद्यालयों में विद्यार्थियों को आय, जाति एवं निवास विगत दिनों से शिविर लगाए जा रहे है। इस शिविर में विद्यार्थियों के उनके आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। दो दिन में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी तहसील खरोरा में कुल 90 प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिसमें 75 आय एवं 15 निवास प्रमाण पत्र है।

## त्रिमूर्ति नगर में आंगनबाड़ी भवन लोकार्पण, नए सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर ने किया भूमिपूजन

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर ने बुधवार को त्रिमूर्ति नगर में 2 आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही राजीव गांधी वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया गया। रायपुर जिला खनिज मद अंतर्गत त्रिमूर्ति नगर में दो स्थानों पर 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत अनुसार नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन केंद्रों का लोकार्पण किया। राजीव गांधी वार्ड मे 6 लाख की लागत से बनने जा रहे नए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर निगम के वित्त विभाग अध्यक्ष महेंद्र खोडियार, पार्षद खगपति सोनी, एल्डमैन गोपाल सोना, जोन 2 कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे उपस्थित थे।

## एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी : रायपुर के दो स्केटर्स भारतीय टीम में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में बनाई जगह

राजधानी रायपुर की ट्रेनर सॉल्यूशन स्केटिंग अकादमी के दो होनहार खिलाड़ी किरण कोर परमार और प्रतीक भीमसरिया का चयन एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने एशियन टीम ट्रायल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाई है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता देहरादून में अगस्त में आयोजित की जा रही है, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों के शीर्ष शॉर्ट ट्रैक स्केटर्स हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अकादमी प्रबंधन ने बताया कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि से खेल जगत में उत्साह का माहौल है और इसे छत्तीसगढ़ में शॉर्ट ट्रैक स्केटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# राजीव भवन में प्रदर्शन भाजपा का नहीं सरकार का था, पूरे मंत्री कांग्रेस दफ्तर पर हमला करने आये थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रियों के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पत्थर, आंसू गैस के गोले फेंके गये- सुशील

कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता और महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी घायल हुईं

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आज भारतीय जनता पार्टी ने सुनियोजित तरीके से कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर हमला किया। भाजपा ने इसे घोषित तौर पर प्रदर्शन बताया, लेकिन यह पूरी तरह से सरकार और पुलिस के संरक्षण में किया गया हमला था। कांग्रेस के कार्यकर्ता सामान्य दिनों की भांति कांग्रेस मुख्यालय में एकत्रित थे, जैसे ही हमें पता चला कि भाजपा के लोग कांग्रेस मुख्यालय में हमला करने आये हैं, हमारे लोग भी प्रतिवाद करने आगे आये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा के लोंगो ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पत्थरों से हमला किया। पानी की बोतल फेंकी गई, लाठियां फेंक कर हमला किया गया। भाजपा कार्यकर्ता एक ट्रैक्टर भर के पत्थर, पुराने चप्पल, लाठी लेकर आये थे। पुलिस ने कुल पांच आंसू गैस के गोले कांग्रेस के लोगो पर फेंके, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं पर एक भी गोला नहीं छोड़ा गया। वाटर केनन से प्रहार भी कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर ही किया। पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को खुला संरक्षण दे रही थी। कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता इस हमले में घायल हुये, हमारी महिला कार्यकर्ता भी पुलिस के प्रहार से तथा पत्थरों से घायल हुईं।




### मोदी और शाह के इशारे पर हुआ हमला

उन्होंने कहा, बेहद ही शर्मनाक और आपत्तिजनक है कि कांग्रेस कार्यालय पर किये गये हमले में भाजपा सरकार के सभी मंत्री शामिल थे। गृहमंत्री सहित सारे मंत्री जिन पर राज्य के लोगों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बना कर रखने की जवाबदारी है, वे सारे मंत्री विपक्षी दल के दफ्तर पर हमला करने आये थे। यह प्रदर्शन एक संगठन के रूप में भाजपा का नहीं पूरी सरकार का था। मुख्यमंत्री इस प्रदर्शन में नहीं आये, लेकिन उनकी पूरी सरकार आई थी। जब पूरी सरकार को भेजकर सारी मर्यादाओं को तार-तार कर दिया, तो मुख्यमंत्री को भी आ जाना था। यह पूरा हमला प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर हुआ है।

### राज्यपाल से मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग

उन्होंने कहा, इन सारे मंत्रियों ने संविधान की शपथ और सम्यक भाव से अपने कर्तव्य के निर्वहन की जो शपथ ली है, उसका उल्लंघन है। इनका चरित्र अलोकतांत्रिक है, इनको तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। हम राज्यपाल से अनुरोध करते हैं कि इन मंत्रियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए। नीट पेपर लीक मामले में राहुल गांधी के प्रदर्शन से भाजपा बौखला गयी है, उसने बौखलाहट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला किया। पेपर लीक करवा रहे दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, उपर से विरोध करने पर विरोधी दल के दफ्तर पर हमले कर रहे। कांग्रेस इसकी कड़ी निंदा करती है।

# नीट पेपर लीक मामले में छात्रों पर दमनकारी कार्रवाई का विरोध, कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित किया गया।

आंबेडकर चौक के पास केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतला जलाने से रोकने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देते हुए दूसरा पुतला भी जलाकर भाजपा सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, दिल्ली के जंतर मंतर पर लाखों छात्र छात्राएं नीट पेपर लीक मामले में निष्पक्ष कार्रवाई और न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज कर लोकतंत्र को शर्मसार किया। उन्होंने कहा, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छात्रों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, तब पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। यह घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। देशभर में बढ़ते जनआक्रोश और छात्रों के व्यापक आंदोलन के दबाव में अंततः प्रधानमंत्री को भी नीट पेपर लीक मामले पर अपना बयान जारी करना पड़ा।

## खड़गे, राहुल, प्रियंका सहित कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध

### ये थे मौजूद

*प्रदर्शन में कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, उधो वर्मा, दिनेश ठाकुर, मनोज कंदोई, सुशांत डे, प्रशांत ढेंगडी, आकाश तिवारी, मनोज बंजारे, राज देवांगन, दीपक चौबे, सुरेश धीवर, ओम श्रीवास, सुधा हिरेंद्र देवांगन, सरोज मिलिंद, गौतम सुजीत सिंह, कमल धृतलहरे, किशनलाल बाजारी, शब्बीर खान, रूबल मेहता, सुधीर बंजारे, प्रीति सोनी, उपस्थित थे।*



### ग्रामीण के सभी 11 ब्लॉकों में मोदी का पुतला दहन

*एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के सभी 11 ब्लॉक मुख्यालयों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा, केंद्र सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत कार्य कर रही है। छात्रों और युवाओं की आवाज उठाने वाले विपक्षी दल के नेताओं को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार करना लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी इस दमनकारी कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती है और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। रायपुर ग्रामीण के धरसीवा में आशीष वर्मा, बीरगांव में योगेंद्र सोलंकी, अभनपुर में विद्याभूषण सोनवानी, नयापारा शहर में रामा यादव, नयापारा ग्रामीण में गिरधारी साहू, चंदखुरी में ओमप्रकाश यादव, आरंग में खिलावन निषाद एवं कोमल साहू, तथा तिल्दा में जितेश शर्मा एवं बलदाऊ साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया।*

## खबर संक्षेप

### सावनही पूजा 25 को की जाएगी

**कूंरा।** किसान कमेटी कुंवरगढ़ कूंरा के द्वारा नगरवासियों के सर्व सम्मति से 25 जुलाई को सावनही पूजा / गाँव बनाना / का कार्यक्रम रात्रि में रखा गया है । जिनमें नगर के वरिष्ठजन को विशेष रूप से शामिल होने का आमंत्रित किया गया है । किसान कमेटी अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि नगर में सावनाही पूजा पश्चात पूरे कूंरा नगर में प्रथम रविवार 26 जुलाई एवं अंतिम रविवार 23 अगस्त को भगवान तिहार मनाया जाएगा । इस दौरान दोनों रविवार को पूर्ण रूप से काम काज बंद रखने का अपील किसानों से किया गया है ।

### डिलेश्वर कुमार को मिली शोध उपाधि

**अभनपुर।** शिक्षक नगर निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामलाल साहू के सुपुत्र डिलेश्वर कुमार साहू



को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। श्री साहू ने अपना शोध कार्य प्राध्यापक डॉ. सूरज कुमार मुक्ति के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण के साथ सतत उद्योग 5.0 भारतीय इस्पात क्षेत्र के संदर्भ में एक पारिस्थितिकी तंत्र मॉडल रहा।

### अधूरी एवं भ्रामक जानकारी देने का बीएमओ पर आरोप

**अभनपुर।** अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के पालन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीएमएचओ रायपुर के प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के बाद भी जन सूचना अधिकारी एवं बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया द्वारा अधूरी, भ्रामक एवं बिना पर्याप्त सत्यापन के जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वास्तविक तथ्यों को छिपाने की आशंका पैदा हो रही है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग से आरटीआई शाखा और सहायक जन सूचना अधिकारी की व्यवस्था है। उनका आरोप है कि आरटीआई अधिनियम में ऐसी अनिवार्यता का कोई प्रावधान नहीं है, फिर भी यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सीएचसी अभनपुर अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा के सूचना अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. शारदा प्रसाद साहू से ओपीडी पर्ची शुल्क से संबंधित जानकारी मांगने पर डॉ साहू द्वारा भ्रामक एवं तथ्यविहीन जानकारी देकर गुमराह किया गया।

### प्रयास विद्यालय में छाया का चयन

**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चपरीद में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत मेधावी छात्रा कु. छायाविभा, पिता पवन कुमार साहू का आवासीय प्रयास विद्यालय, बिलासपुर में चयन होने पर पूरे अंचल में खुशी की लहर है। छाया ने कक्षा 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा 2026 में 98.33% अंक प्राप्त कर रायपुर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही एन.एम.एम.एस.ई. परीक्षा में भी छाया ने सफलता अर्जित की है।

# दिल्ली में लाठीचार्ज और सांसदों की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने पुतला फूंका

**राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की गिरफ्तारी का किया विरोध, शिक्षा मंत्री से इस्तीफा और प्रधानमंत्री से माफी मांगने की मांग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा/कूंरा/आरंग

दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गिरफ्तारी के विरोध में तिल्दा-नेवरा शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दीनदयाल चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के छात्रों से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है।

उन्होंने कहा कि संसद भवन की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ पुलिस द्वारा कथित रूप से की गई कार्रवाई और छात्राओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम को देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। पुतला दहन कार्यक्रम में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रमुख रूप से अजितेश शर्मा,बलदाउ साहू ओम ठाकुर ,लक्ष्मी नारायण वर्मा,राहुल तेजवानी नीरज राठी, के कृष्णमूर्ति, सुनील सोनी, देव वर्मा, गोवर्धन यदु, सनत सेन, जितेंद्र सेन, अनिल सिंह, लाल शर्मा दुर्गेश नशीन, कैलाश गांधी, अनूप रवानी ,विक्रम वर्मा, गजानंद वर्मा, संतोष सक्सेना ,योगेंद्र पटेल, तोरण जांगड़े ,अनुराग पांडे हर्ष यादव , छोटू नवरंगे, लखन चौहान, राजेश वर्मा, हरि कोठारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता शामिल हुए।

### छात्रों के समर्थन में कांग्रेस ने पीएम का पुतला किया दहन

**सिलयारी/कूंरा।** नीट परीक्षा और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर सियासत तेज हो गई है। बुधवार को धरसीवा स्थित शहीद स्मारक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के नेतृत्व में छात्रों के समर्थन तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित कई सांसदों एवं वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और छात्रों के अधिकारों की रक्षा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की मांग उठाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की आवाज़ को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि छात्रों के विरुद्ध दर्ज सभी एफआईआर तत्काल वापस ली जाएं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उधोराम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, हरिशंकर निषाद, साहिल खान, प्रमोद शर्मा, अंकित वर्मा, सुरेश साहू, लेखू वर्मा, रामकुमार वर्मा, मोहन साहू, ढालेन्द्र वर्मा, ढालचंद पाल, रेखराज देवांगन, नारद साहू, राजू सायतोडे, दिना सायतोड़े, मन्नू निषाद, मुकेश शर्मा, मनीष कुमार वर्मा, इसराफ़िल खान, सौरभ शर्मा, राजू सायतोड़े, अहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



### पेपर लीक का विरोध, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन,फूंका पुतला

**मंदिर हसौद।** चंदखुरी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.शिवकुमार डहरिया जी के निर्देशानुसार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक मामले के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रही छात्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रमुख रूप से रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष ठाकुर, महामंत्री रेखराम पात्रे ,पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी , ओम प्रकाश यादव अध्यक्ष , जिला सचिव प्रवीण सिंह पार्षदगण अधि.अनुज मिश्रा राकेश मिश्रा, राकेश जायसवाल , उत्तम साहू , दीनू यादव , भूषण बघेल एकता मिश्रा, अवधेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम धीवर , मंडल प्रभारी उपेंद्र भारती , सौरभ चंद्राकर , निखिल वर्मा , बेदू घृतलहरे,ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस आर्यन जोशी ,दीपांकन यादव, रियाज़ खान, कपिल पटेल ,विनोद पटेल , कुलदीप पटेल ,राजवीर धीवर , मुकेश ध्रुव , कमलेश भारती , प्रेमनारायण मिश्रा जी, ओमप्रकाश धीवर जी, जितेंद्र चतुर्वेदी जी, एवं भारी संख्या में कांग्रेसियों कि उपस्थिति रही।

### पूर्व मंत्री की उपस्थिति में किया पुतला दहन

**आरंग।** छात्र आंदोलन के समर्थन में शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में पूरे प्रदेश के साथ-साथ आरंग में भी विरोध का बिगुल बज उठा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ सांसदों एवं नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशव्यापी आह्वान पर आरंग ब्लॉक में भी जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन में आरंग बस स्टैंड पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। पुतला दहन के दौरान अचानक आग की लपटें तेज होने से दो कार्यकर्ता झुलस गए। झुलसने वालों में वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद समीर गोरी और देवेंद्र घृतलहरे शामिल हैं।

### नीट पेपर लीक पर कांग्रेस ने प्रदर्शनकर व मांगा इस्तीफा

**अभनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बस स्टैंड में पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज, शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था, छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमा-झटकी भी हुई। पुलिसकर्मी पुतला छीनने का प्रयास करते रहे,जबकि कार्यकर्ता जलते हुए पुतले के साथ आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर प्रवीण साहू ने कहा परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।



# निजीकरण और ठेका प्रथा का विरोध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



22 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में जिला शाखा द्वारा संघ के प्रधान कार्यालय अर्जुन नगर से रैली निकालकर घड़ी चौक पर नारेबाजी करते हुए संघ की मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव के नाम पर कलेक्टर जिला रायपुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांगें निम्नानुसार हैं - शासन स्तर पर विभाग द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षित के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव पर सकारात्मक कार्यवाही तत्काल की जाए, क्योंकि 8वां वेतन आयोग लागू हो जाने पर कर्मचारियों को बड़ा आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। शासन स्तर पर संघ द्वारा समय-समय पर पत्राचार के माध्यम से अवगत कराई गई लंबित मांगों पर कार्यवाही की मांग की।

स्वास्थ्य विभाग के तकनीकी एवं अन्य पदों को निजीकरण/ठेका प्रथा/आउटसोर्सिंग से मुक्त रखा जाए, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। एच.एम.एस. को पैथोलॉजी/फार्मेसी ठेके पर दिए जाने से नियमित कर्मचारियों में भविष्य को लेकर आशंका है। प्रदेश में हेल्थ सेक्टर में कार्य करने वाले लोगों के लिए पंजीयन अनिवार्य किया जाए, ताकि प्रदेश के प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षण ले रहे चिकित्सक/नर्स/पैरामेडिकल का भविष्य सुरक्षित हो सके एवं फर्जी डिग्री/डिप्लोमाधारियों की पहचान हो सके।

इस अवसर पर संघ के प्रांतीय संरक्षक/सलाहकार ओ.पी. शर्मा, प्रांतीय महामंत्री एस.पी. देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, प्रांतीय सचिव अरविन्द्र चंद्राकर, उपप्रांताध्यक्ष रामजी सेन, अजय पाण्डेय, अमृत निषाद, खोमन पटेल, संभागीय संरक्षक प्रदीप बोगी, संभागीय अध्यक्ष संतोष देवांगन, जिला संरक्षक एस.एस. सोनी, जिलाध्यक्ष सालिक नौरंगें, प्रांतीय संयोजक एम.एल.टी. प्रकोष्ठ कमल चंद्राकर, नेत्र सहायक अधिकारी प्रकोष्ठ गौतम रात्रे, सरोज बाला खोर्पे, वाहन चालक प्रकोष्ठ सुभाष सहारे, संगठन सचिव संतोष गिरी, सी.एच.ओ. प्रकोष्ठ उपसंयोजक दीपचंद निषाद, सी.एच.ओ. संभाग संयोजक मुकेश टंडन, सी.एच.ओ. प्रकोष्ठ जिला संयोजक सरिता साहू, जिला समन्वयक विभाग सहाय, संभागीय संयोजक पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ हरिश्चंद्र ध्रुव, जे.एस.ए. प्रकोष्ठ जिला, नर्सिंग जिला संयोजक हेमलता तारक, उपाध्यक्ष वंदना सिंह, संयोजक नवीन साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक प्रकोष्ठ असवन टंडन, सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महेंद्र छग साहू संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत

**तिल्दा-नेवरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने समाज के जिला पंचायत सभापति शैल साहू के प्रतिनिधि महेंद्र साहू को किसान विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू द्वारा की गई। नियुक्ति की घोषणा के बाद साहू समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने महेंद्र साहू को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान विभाग को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा समाज के संगठनात्मक विस्तार के साथ किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल होगी। नवनियुक्त प्रदेश



महेंद्र साहू

उपाध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा कि /"प्रदेश साहू संघ ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त करते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसके लिए मैं संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त समाज का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। श्री साहू मनोनयन पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष साधना साहू, संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, युवा प्रकोष्ठ के शशिकांत साहू, किसान विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष छोवाराम साहू, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष हीरामन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष नेतराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष देवनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष पोषण साहू शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर हसौद में बीते विगत दिनों गायत्री परिवार की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरंग एवं अभनपुर ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों से आए 100 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। यह पूरा कार्यक्रम जिला समन्वयक श्री लच्छूराम निषाद के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती संगीता श्रीवास्तव की मधुर आवाज में प्रस्तुत गायत्री भजन के साथ हुआ। इसके पश्चात जिला समन्वयक श्री निषाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की औपचारिक शुरुआत की।



### युवाओं को संस्कृति से जोड़ने पर बल

कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र श्री आनंद श्रीवास्तव ने सभी ब्लॉक से आए कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान समय में विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं (युवाओं) को अपनी सनातन धर्म और संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।

विशिष्ट वक्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सीताराम विश्वकर्मा ने गुरुदेव की सूक्ष्म शक्ति को पहचानना और प्रज्ञा-भक्ति के साथ उसे स्वीकार करना ही हमारी असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी कर्मठता और समर्पण के साथ गुरुदेव के विचारों के अनुरूप समाज निर्माण के कार्यों में जुटने का आह्वान किया।

गायत्री प्रज्ञा पीठ के व्यवस्थापक शिवदयाल वर्मा एवं समर्पित कार्यकर्ता संदीप वर्मा द्वारा संभाली गई, जिसकी सभी उपस्थित जनों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

इस अवसर पर रायपुर जिला के सह-समन्वयक श्री घनश्याम पटेल, जिला संगठन से श्री घनश्याम केशरवानी, श्री शिवचंद वर्मा, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती कीर्ति चन्द्रा, ब्लॉक समन्वयक श्री जगमोहन चंद्राकर ब्लॉक आरंग सहित मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री मोहन लाल, श्री चौरसिया जी अभनपुर एवं श्री पवन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रज्ञा पीठ के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री दुर्गेश सिंह सोलंकी ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# डीएपी की मांग व एनपीके लेने से इनकार, किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

खरीफ सीजन के दौरान डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने और एनपीके खाद की कीमत में लगातार बढ़ोतरी के विरोध में सिलयारी शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कुकेरा में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्राम मनोहरा, रैता और मेहरशाखा के किसानों ने घंटों तक विरोध प्रदर्शन करते हुए एनपीके नहीं लेंगे, डीएपी खाद देना होगा के नारे लगाए तथा शाखा प्रबंधक को लिखित ज्ञापन सौंपकर तत्काल डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों का आरोप है कि डीएपी खाद की कमी बताकर उन्हें मजबूरी में एनपीके खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है।

उनका कहना है कि पिछले एक महीने में एनपीके खाद के दाम में कई बार वृद्धि की गई है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों ने बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने और उनकी आवश्यकता के अनुसार डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं किसान नेता उधोराम वर्मा ने किसानों की मांग का समर्थन करते हुए शाखा प्रबंधक से चर्चा की और तत्काल डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग रखी। शाखा प्रबंधक ने उनकी मांग पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए डीएपी खाद उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की सहमति जताई। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा, घनश्याम वर्मा, राजकुमार साहू, भगवती साहू, संतोष साहू, राजेंद्र सोनवानी सहित मनोहरा, रैता एवं मेहरसखा के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा ने सौंपी नागवानी व अग्रवाल को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में जिला स्तर पर नई नियुक्तियां की हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग ने तिल्दा-नेवरा के वरिष्ठ युवा नेता एवं पूर्व शहर अध्यक्ष लक्ष्मीचंद नागवानी को नगर पालिका निकाय प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक तथा भाजपा के पूर्व महामंत्री रमेश अग्रवाल को व्यवसायिक प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में भाजपा जिला मंत्री विकास कोटवानी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, पार्षद ईश्वर यदु, विनोद नेम, धर्मेंद्र दरिया, सतीश निषाद, राजकुमार गरे, अन्नपूर्णा कश्यप, दिनेश साहू, दिनेश यादव, रानी, सौरभ जैन, प्रेम कोसले, व्यापारी नेता सुंदरदास पंजवानी, भाजपा शहर महामंत्री सुरेश वर्मा, रोशन आहूजा, रमेश विरानी, सुनील नायक, संतोष साहू, राकेश कमलानी, सोनू पंजवानी, आरती गिलहरी, अनिल नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

**फिसलकर चोटिल हो रहे नौनिहाल, आवागमन बुरी तरह बाधित, फिर भी समाधान की पहल नहीं**

# कुरूद स्कूल में बिछी मिट्टी से बना दलदल, रोज हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

मानसून की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों की व्यवस्था की पोल खुलने लगी है। भारी बारिश के चलते कई जगह परिसरों में जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई है, जिससे सबसे ज्यादा परेशानी नन्हे-मुन्ने बच्चों को उठानी पड़ रही है। इस समस्या से जूझ रहे स्कूलों में सबसे खराब स्थिति धरसींवा ब्लॉक के नवीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय अखरा पारा कुरूद-सिलयारी की सामने आई है, जहां जिम्मेदारों की घोर लापरवाही के कारण बच्चों और शिक्षकों का रोजाना स्कूल आना-जाना किसी आफत से कम नहीं रहा है। अखरा पारा स्थित इस स्कूल के मुख्य गेट पर ही बदहाली का नजारा





साफ देखा जा सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल के प्रवेश द्वार पर गड्ढों और जलभराव की समस्या को दूर करने के नाम पर मुरम डाली जानी थी, लेकिन जिम्मेदारों ने मुरम की जगह भारी मात्रा में चिकनी मिट्टी डंप करवा दी। लगातार हो रही बारिश के कारण यह मिट्टी अब खतरनाक कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी है। सुबह जब छोटे-छोटे नौनिहाल पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंचते हैं, तो उन्हें गेट पर ही इस गंभीर मुसीबत का सामना करना पड़ता है। मुख्य द्वार पर बिछी इस चिकनी मिट्टी के कारण आए दिन बच्चे फिसलकर गिर रहे हैं और कई बच्चे हादसों का शिकार होकर चोटिल भी हो चुके हैं। फिसलन इतनी अधिक है कि रास्ते से गुजरते ही बच्चों की स्कूल ड्रेस और बैग पूरी तरह कीचड़ में सन जाते हैं, जिसके चलते उन्हें उसी गंदे कपड़ों में दिनभर पढ़ाई करने पर मजबूर होना पड़ता है। कई बार तो बच्चे गिरने और घायल होने के बाद रोते हुए वापस अपने घर लौटने को विवश हो जाते हैं।

### बच्चे ही नहीं शिक्षक भी बेहद परेशान

*इस पूरी समस्या पर स्कूल के प्रधान पाठक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि रास्ते में फैली चिकनी मिट्टी की वजह से सिर्फ बच्चे ही नहीं, बल्कि स्कूल के शिक्षक भी बेहद परेशान हैं। दोपहिया वाहनों से आने वाले अध्यापकों के लिए भी गेट पार करना किसी खतरे से खाली नहीं रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक स्थिति को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इधर, स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने प्रशासन की इस घोर उदासीनता पर भारी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि जब शिक्षा के मंदिर तक पहुंचने का रास्ता ही इतना बदहाल और जानलेवा रहेगा, तो बच्चे कैसे पढ़ाई करेंगे। अभिभावकों ने पुरजोर मांग की है कि स्कूल के मुख्य गेट और परिसर से तत्काल इस चिकनी मिट्टी को हटवाया जाए तथा वहां ढलान और मुरम की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों को रोज-रोज की इस मुसीबत और हादसों से जल्द से जल्द राहत मिल सके।*

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं.-00022 आमनेर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202526441631100014

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम आमनेर के वर्तमान भूमिस्वामी ज्योति अग्रवाल पिता/पति-स्वतंत्र प्रकाश अग्रवाल पता-के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 923/1(0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता धनमती साहू पिता/पति-भुवेन्द्र साहू पता-मकान नंबर 110 वार्ड नं. 05 अमलीपदर गरियाबंद मैनपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/07/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार : SITA SHUKLA**
**अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**जिला रायपुर छ.ग.**

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 2026071105000 अ/6(अ) वर्ष 2025-26
ग्राम उरला प.ह.नं. 20 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश साहू पिता श्री मेहत्तर राम साहू निवासी-वार्ड नं. 07 गांधी चौक बनिया पारा, कोर्रा (हंचलपुर) धमतरी (छ.ग.) द्वारा ग्राम आमनेर प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 927/3, 928/1 रकबा 2750 वर्गफुट को श्रीमती ज्योति अग्रवाल पति श्री स्वतंत्र प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्वतंत्र प्रकाश अग्रवाल पिता स्व. श्री नवरंग लाल अग्रवाल दोनों निवासी-एच.आई.जी. 02 सेक्टर 01 शंकर नगर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से बैनामा पंजीयन दिनांक 19/12/2018 के माध्यम से क्रय कर अपने नाम पर नामांतरण कराया है, जिसका नामांतरण क्रमांक 19 है। उक्त भूमि को ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 28/07/2026 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

## बारिश होने पर सड़क और दुकानों में जलभराव से रहे लोग परेशान

# गोलबाजार, बैजनाथ पारा में नाली पर बनाए पक्के अवैध पाटों को ढहाया

### आकाशवाणी के पास गटर का पानी सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लभांडी में अवैध शेड को निगम ने गिराया
- सिविल लाइंस वार्ड में गटर का पानी सड़क पर

शहर के गोलबाजार स्थित पेटीलाइन इलाके और बैजनाथ पारा मुख्य मार्ग में नाली के ऊपर अवैध पक्के पाटे बनाने से नाली जाम की स्थिति बनी हुई है, इससे बारिश होने पर नाली का बदबूदार गंदा पानी मुख्य मार्ग की सड़क और आसपास के दुकानों में भर जाता है। जलभराव की समस्या को देखते हुए जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने जोन दफ्तर की टीम भेजकर गोलबाजार पेटीलाइन और बैजनाथ पारा इलाके में नालियों पर बने अवैध पाटों को जेसीबी मशीन लगाकर ध्वस्त कराते हुए नाली सफाई में आ रही बाधा दूर की। इधर सिविल लाइंस वार्ड के आकाशवाणी चौक के पास गटर का पानी सड़क पर लगातार बहने से परेशान स्थानीय निवासियों ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को बुलाया। समस्या सुनकर नेता प्रतिपक्ष ने तत्काल जोन-4 के स्वास्थ्य अधिकारी से बात कर सक्शन मशीन बुलाकर गंदे पानी की सफाई कराई। इस दौरान पता चला कि नाले-नालियों की सफाई में अनदेखी की वजह से यह लाइन पूरी तरह जाम है, जिससे बारिश में पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है। नेता प्रतिपक्ष श्री तिवारी ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई की कोई वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए। एक-दो दिन में बारिश जब रुक जाए तो उसकी मैनुअल सफाई कराई जाए, क्योंकि पानी में गंदगी के साथ बदबू भी लगातार आ रही है। इससे गंभीर बीमारी होने का अंदेशा बना हुआ है।



शहर में बारिश पूर्व नाले-नालियों की सफाई के दावे करने वाला नगर निगम प्रशासन नालियों पर बनाए गए अवैध पक्के पाटों को तोड़ तक नहीं पाया। नालों की सफाई आधी-अधूरी होने से मानसून के सीजन में बारिश के दौरान नाले का गंदा पानी सड़क पर बहकर लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है। ऐसा ही कुछ नजारा शहर में बुधवार को देखने को मिला। जब गोलबाजार पेटीलाइन में गंदे पानी के निकासी के लिए एक-दो नहीं, पूरे 15 पाटों को अभियान चलाकर तोड़ने की नौबत आई। स्वामी विवेकानंद-सदरबाजार वार्ड के जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा के निर्देश पर जोन-4 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गोलबाजार पहुंचकर जेसीबी मशीन से दुकानों के सामने बनाए गए अवैध पाटों को तोड़कर नाली की सफाई में कराई। गोलबाजार में प्रतिदिन न केवल रायपुर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं, दुकानों के सामने और मुख्य सड़क पर जलभराव होने से लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। पक्के पाटों को तोड़ने के बाद दुकानों के सामने मलबे का ढेर लग गया।

### मठपुरैना बीएसयूपी कॉलोनी में भरा पानी



राजधानी में लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में जलभराव से जहां लोग परेशान हैं, वहीं मठपुरैना स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में जलभराव की समस्या बनी हुई है। सैकड़ों लोग कॉलोनी में रहते हैं, वहां उनके घरों के सामने बारिश का गंदा पानी भरने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। कैंपस में पानी घुसने की शिकायत स्थानीय रहवासियों ने संबंधित जोन कार्यालय में की है। बीएसयूपी कालोनी में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से वहां रहने वालों में निगम प्रशासन के रवैये को लेकर नाराजगी व्याप्त है।

*लभांडी में अवैध शेड गिराया* : नगर निगम जोन-9 के लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थित लभांडी में अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत लभांडी चौक पर बिना सक्षम अनुमति निर्मित अवैध शेड को जेसीबी से गिराया गया। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन के नगर निवेश विभाग की टीम ने मुख्यालय उड़नदस्ता की टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।


## निधन

### सरोज कंसारी



रायपुर। शांतिनगर निवासी सरोज कंसारी (56) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई को उनके गृहग्राम नवापारा राजिम में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार नंदकुमार कंसारी की पत्नी और प्रियांश व कनुप्रिया की माता थीं। उनके निधन पर रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गहरा दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### बल्लभ लाल व्यास



रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर के पास प्रियदर्शिनी कॉलोनी निवासी बल्लभ लाल व्यास (92) का 22 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 जुलाई को सुबह 12.30 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आलोक व्यास, आशीष व्यास एवं अरुण व्यास के पिता थे।

# चावड़ी में काम करने वाले मजदूर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यातायात थाना के सामने एक कांपलेक्स के पास बुधवार तड़के खून से लथपथ लाश मिलने से हड़कंप मच गया। चावड़ी में काम करने वाले मजदूर की किसी अज्ञात से सिर पर ईंट से हमला कर हत्या कर दी थी। गांधी मैदान के पास टूल्स के कारोबारी ने सबसे पहले मजदूर की लाश देखी और इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। लाश देखने वाले कारोबारी ने उसकी शिनाख्त की। मृतक नेहरू नगर का रहने वाला था। देर रात हत्या होने की आशंका व्यक्त की गई है।

मृतक की शिनाख्ती प्रकाश उर्फ जानी के रूप में हुई है। पुलिस को जो



जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मृतक ज्यादातर समय घर के बाहर ही रहता था। उसका अपने घर आना-जाना बहुत कम था। रात के समय भी मृतक चावड़ी में या फिर यातायात थाना के आस-पास मंडराता था। वो रात में भी चावड़ी या उसके आसपास सोता था। पुलिस को आशंका है कि प्रकाश की हत्या किसी उसके परिचित ने ही की होगी। इसके साथ ही रात के समय नशे में धुत्त किसी मजदूर के साथ विवाद होने पर उसने प्रकाश के सिर पर ईंट मारकर हत्या की होगी।

### हत्या का एक कारण यह भी हो सकता है

फूटपाथ, चावड़ी के आसपास रहने वाले मजदूर रात को सोने के समय जगह को लेकर एक दूसरे के साथ विवाद करने के साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। राजधानी में मंगलवार रात से तेज बारिश हो रही है। आशंका जताई जा रही है, पानी से बचने और सोने के लिए मजदूरों ने एक दूसरे के साथ विवाद किया होगा। इसी विवाद के कारण किसी मजदूर ने प्रकाश के सिर पर ईंट से हमला कर मौत के घाट उतार दिया होगा।

### शहर के महत्वपूर्ण इलाके का सीसीटीवी खराब

घटना के सीसीटीवी फूटेज खंगाले जाने पर पुलिस को पता चला कि महिला थाना से लेकर नगर निगम जाने वाले मार्ग तथा महिला थाना से कालीबाड़ी जाने मार्ग में आईटीएमएस योजना के तहत लगाए गए सीसीटीवी खराब हैं। महिला थाना चौक शहर के सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र में शामिल है। इसके अलावा महिला थाना के पास बने पुलिस क्वार्टर के पास के भी सीसीटीवी खराब होने की जानकारी मिली है। इस कारण पुलिस आरोपी की पहचान नहीं कर पाई है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी श्री नरेश कुर्रे, पिता श्री त्रिलोचन कुर्रे की ग्राम गुदगुदा, प.ह.नं.- 0025, रा.नि. आरंग, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 398/3, रकबा 0.5400 हेक्टेयर (अर्थात 1 एकड़ 33.5 डिसमिल) का क्रय अनुबंध (इकरारनामा) पूर्व में ही निष्पादित किया जा चुका है, जिसकी रजिस्ट्री (पंजीयन) आगामी 7 दिनों में होने जा रही है।

यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था का कोई सर्वाधिकार, आपत्ति, स्वत्व या भार हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिनों के भीतर (रजिस्ट्री पूर्व) अपने वैध दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। मियाद बीतने या रजिस्ट्री संपन्न होने के पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांकः 22/07/26

अधिवक्ता
रामावतार अग्रवाल
Address - 218, Samta Shopping Arcade, Samta Colony Main Road, Raipur (CG) 9977286100


## पेज 11 के शेष ...

### आंसू गैस से मची ...

हो गई तथा दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी आमने-सामने आ गए। ***भाजपा ने की कार्यकर्ताओं परपत्थरबाजी- सुशील*** : वहीं, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक मामले के लिए भाजपा जिम्मेदार है। संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर पत्थरबाजी की गई। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर नहीं, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस छोड़ी गई। ***टर्निंग प्वाइंट पर घंटों फंसी स्कूल बसें*** : राजनीतिक प्रदर्शन के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शंकर नगर टर्निंग प्वाइंट पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के जुटने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। लंबा जाम लगने से ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों, मरीजों और आम नागरिकों के साथ स्कूल बसें भी घंटों तक जाम में फंसी रहीं। जाम का सबसे ज्यादा असर रोजमर्रा के कामकाज पर पड़ा। नौकरीपेशा लोग, मरीज, बुजुर्ग और अन्य राहगीर लंबे समय तक सड़क पर फंसे रहे। कई दोपहिया वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग तलाशते नजर आए, जबकि चारपहिया वाहनों की रफ्तार पूरी तरह थम गई। ***कांग्रेस का एकात्म परिसर में विरोध-प्रदर्शन, काले झंडे दिखाए*** : भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजीव भवन की ओर कूच किए जाने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकात्म परिसर पहुंचकर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं काला झंडा लहरा कर विरोध प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा, कांग्रेस हमेशा संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक मर्यादाओं की पक्षधर रही है। यदि भाजपा इसी प्रकार राजनीतिक टकराव का वातावरण बनाने का प्रयास करेगी, तो कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से उसका हर स्तर पर विरोध करती रहेगी।

### सब इंस्पेक्टर सहित 16 से...

कैनन और आंसू गैस चलाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया।रायपुर के पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचे और भर्ती पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। घायल जवान कलेश्वर वर्मा ने बताया कि बैरिकेटिंग के दौरान भीड़ के बीच फंस जाने से उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया। वहीं, प्रशिक्षु उप निरीक्षक (पीएसआई) देवराज सिंह के सिर पर बोतल लगने से गंभीर चोट आई है, जिनका उपचार जारी है।

### करोड़ों रुपए का ...

भेजे। सड्डू, मेट्रोग्रीन सोसाइटी निवासी संदीप सेठ ने मुंबई निवासी अपने मौसेरे भाई रितेश गुप्ता तथा अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। युवक के अनुसार वर्ष 2023 में बेरोजगार होने के दौरान उसके मौसेरे भाई रितेश गुप्ता ने उसे ठाणे स्थित कांसलीवाल बिजनेस साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में 50 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन पर डायरेक्टर की नौकरी दिलाई। कंपनी के कामकाज की पूरी जानकारी उसे कभी नहीं दी गई। अधिकतर दस्तावेज उसके घर भेजे जाते थे, जिन पर वह हस्ताक्षर कर वापस भेज देता था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बाद में कई दस्तावेज उसके फर्जी हस्ताक्षरों से भी तैयार किए गए। ***पुलिस करेगी जांच, मांगेगी दस्तावेज*** : युवक की शिकायत पर पुलिस ने रितेश तथा अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, 34, 420, 467, 468 के तहत अपराध दर्ज किया है। जांच के दौरान पुलिस, ईडी से कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज, बैंक खातों का विवरण और संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाएगी। पुलिस यह भी जांच करेगी कि शिकायतकर्ता के आरोप कितने सही हैं, कथित फर्जी हस्ताक्षर किसने किए, बैंक खातों में मोबाइल नंबर किसके निर्देश पर बदले गए और विदेश भेजी गई रकम का वास्तविक लाभार्थी कौन था।

### आबकारी घोटाले में ...

जुड़े कथित लेनदेन और अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ की जा रही है। एजेंसी ने मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई है। जांच एजेंसी के आरोपों के अनुसार शराब घोटाले की रकम रामगोपाल अग्रवाल ने अपने बेटे की कंपनी के माध्यम से व्हाइट मनी में कन्वर्ट करने के बाद पार्टी के लिए खर्च की है।


**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 734 दिनांक 05.03.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में भवन क्रमांक- सिनियर एम.आई.जी.-435 को डॉ एन. के. मोतीरामानी पिता स्व. डॉ दयाल फेरूमल मोतीरामानी एवं श्रीमति दीप्ति मोतीरामानी पति डॉ एन. के मोतीरामानी, के नाम स्वविक्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 05.05.2025 को लीजडीड (रजिस्ट्री ) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3428 दिनांक 08.05.2025 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में डॉ एन.के. मोतीरामानी एवं श्रीमति दीप्ति मोतीरामानी, निवासी :- आर. 42, सेक्टर-01, एक्सटेशन की पीछे डॉ सक्सेना नर्सिंग होम, वार्ड नं.- 28, अवंति विहार रविग्राम तेलीबाधा रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता श्री नीरज देवांगन पिता श्री राम प्रसाद देवांगन, निवासी:- वार्ड नं.-08, स्ट्रीट नं.-19, टाटा लाईन, कोहका भिलाई-दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में भवन क्रमांक- सिनियर एम.आई.जी.-435, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**//आम सूचना //**

मै हिमांजली सोनवानी पिता नरोत्तम मांडले उम्र 35 वर्ष, निवासी अंजोर विला, हाउस नं. 1066, सरोजनी नगर, धनोरा, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ ।

1. यह कि विक्रेता अभिजीत दुबे पिता संतोष दुबे निवासी 2531/51 संगम चौंक लक्ष्मी नगर, पचपेडी नाका रायपुर छ.ग. की भूमि मौजा ग्राम डूंडा, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम भूमि में मकान निमार्ण कर विक्रय किया जा रहा है। जिसका खसरा नं. 312/83, रकबा 800 वर्गफीट, प.ह.नं. 00072, रा.नि.मं. रायपुर 14 बोरियाखुर्द, श्री शिवाय हास्पिटल के पीछे शिव विहार रायपुर छ.ग. में स्थित है।
2. यह कि विक्रेता- जिसका खसरा नं. 312/83, रकबा 800 वर्गफीट, प.ह.नं. 00072, रा.नि.मं. रायपुर 14 बोरियाखुर्द, श्री शिवाय हास्पिटल के पीछे शिव विहार रायपुर छ.ग. में स्थित है। विक्रय किया जा रहा है :- जिसे हिमांजली सोनवानी पिता नरोत्तम मांडले, क्रय किया जा रहा है जिसे विक्रेता के माध्यम से क्रेता द्वारा रजिस्ट्री पंजीयन कराना चाहती है।
3. यह कि उक्त भूमि में किसी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था/ अथवा अन्य किसी का उक्त विक्रय संपत्ति पर किसी का दावा अधिकार बंधक, ऋण, आपत्ति या हित होतो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरित के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में कोई दावा आपत्ति न होने पर यह माना जायेगा कि किसी को उक्त संपत्ति पर कोई दावा आपत्ति नहीं है तथा क्रय विक्रय की कार्यवाही आगे बढाई जायेगी ।
4. यह कि यह शपथ पत्र प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशन आम सूचना एवं सार्वजनिक सूचना हेतू प्रस्तुत करती हूँ।

अतः यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

**सत्यापन-** अतः मै शपथकर्ती यह सत्यापिता करती हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 04 तक में दी गई जानकारी सही व सत्य है। अतः यह शपथ पत्र आज दिनांक 20/07/2026 को पढ़कर समझकर, अपना हस्ताक्षर कि हूं।

**शपथकर्ती- हिमांजली सोनवानी, मो.नं. 9685349149**

**// आम सूचना //**

ग्राम बकतरा प.ह.नं. 17 रा. नि. मं. बेन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 1561 रकबा 0.0600 हे., खसरा नंबर 1563 रकबा 0.1000 हे., खसरा नंबर 1621 रकबा 0.1400 हे. कुल खसरा 3 कुल रकबा 75 डिसमिल भूमि के संबंध में ।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण पुनीत राम साहू पिता श्री मकुन्दी राम साहू निवासी ग्राम बकतरा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग., श्रवण कुमार साहू पिता श्री मकुन्दी राम साहू निवासी कोटा रायपुर छ.ग., अर्जुन लाल साहू पिता श्री मकुन्दी राम साहू निवासी कृष्णा नगर कोटा रायपुर छ.ग., श्रीमती कौशल्या पिता श्री मकुन्दी राम साहू निवासी रायपुर छ.ग., अनुसुईया पिता श्री मकुन्दी राम साहू निवासी ज्योति नगर महंत तालाब के पास कोटा रायपुर छ.ग., रामस्वरूप पिता स्व. जिधन साहू निवासी गोडपारा निमोरा जिला रायपुर छ.ग., होरी पिता जिधन साहू निवासी गोडपारा तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग., छवि पिता जिधन साहू निवासी गोडपारा निमोरा जिला रायपुर छ.ग., दीपचंद पिता स्व. जिधन साहू निवासी गोडपारा निमोरा जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की शामिल शरीक भूमि ग्राम बकतरा प.ह.नं. 17 रा.नि. मं. बेन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 1561 रकबा 0.0600 हे., खसरा नंबर 1563 रकबा 0.1000 हे., खसरा नंबर 1621 रकबा 0.1400 हे. कुल खसरा 3 कुल रकबा 75 डिसमिल भूमि धारित की जाती है, को क्रय करने का मौखिक सौदा कर टोकन ब्याना राशि प्रदान कर दी गयी है, स्वत्व की जांच पश्चात विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन किया जावेगा। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा । तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी ।

सो सूचना जानें।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 22-07-2026

सुनील दुआ, सतीश मानके,
विद्यानंद सिंह राजपूत
जिनेश बहादुर सिंह ठाकुर
अधिवक्तागण, अमलीडीह रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरहीबाई पिता सदाराम पति गणेशराम निर्मलकर निवासी वार्ड नं. 5 रावतपुरा केशला स्कूल के पास खरोरा के द्वारा ग्राम पवनी प.ह.नं. 9 तहसील धरसींवा जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित शासन से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 245/6 रकबा 0.4050हे. भूमि को विक्रय करने अनुमति प्रदाय किये जाने कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन पेश की है, जो कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायपुर के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 31/07/2026 को उपस्थित होकर दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/07/2026 को जारी किया जाता है ।

(मुहर)
नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)


## बिजनेस साइट

### अमित सेल्स में लॉन्च हुई 'सोनी ब्राविया सेवन टू', घर पर मिलेगा असली सिनेमाई अनुभव




रायपुर। शहर के प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम अमित सेल्स, फाफाडीह में सोनी की नई प्रीमियम स्मार्ट टीवी 'ब्राविया सेवन टू' का शुभारंभ किया गया। लॉन्च कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को नई टू आरजीबी टेक्नोलॉजी का लाइव डेमो दिखाया गया, जिसमें वास्तविक रंग, बेहतर ब्राइटनेस, गहरा कॉन्ट्रास्ट और उत्कृष्ट पिक्चर क्वालिटी का अनुभव कराया गया। नई 'ब्राविया सेवन टू' में एक्स-आर प्रोसेसर, डॉल्बी विजन, डॉल्बी एटमॉस, आईमैक्स एन्हैंस्ड, गूगल टीवी, गूगल जेमिनी तथा फोर-के 120 हट्र्ज गेमिंग जैसे अत्याधुनिक फीचर्स शामिल हैं। कंपनी के अनुसार यह टीवी फिल्म, वेब सीरीज, खेल और गेमिंग के लिए सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है। इसे 'द फ्यूचर ऑफ कलर इज हियर' थीम के साथ बाजार में उतारा गया है। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को विशेष फाइनेंस स्कीम, कैशबैक और लॉन्च ऑफर्स की जानकारी भी दी गई। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्राहकों ने नई तकनीक और डिस्प्ले गुणवत्ता की सराहना की। सोनी ब्राविया सेवन टू अब अमित सेल्स, फाफाडीह, रायपुर में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

### बैंक ऑफ इंडिया के किसान समृद्धि उत्सव में 4.20 करोड़ रुपए के ऋण वितरित



रायपुर। बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल द्वारा किसान माह के तहत किसान समृद्धि उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक शारदा भूषण राय ने कृषि क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए किसानों से बैंक की ऋण योजनाओं का लाभ लेने तथा समय पर ऋण चुकाने की अपील की। आंचलिक प्रबंधक विनय उपकारी ने बैंक की विभिन्न कृषि एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों और कृषि आधारित उद्योगों की बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग के उप अभियंता सुधीर वर्मा ने कृषि यंत्रीकरण योजनाओं और अनुदान की जानकारी दी। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि यंत्रीकरण, कृषि अवसंरचना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 16 हितग्राहियों को लगभग 4.20 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। साथ ही कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई और किसानों को सम्मानित किया गया।

### कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी में जनरेटिव एआई पर तीन दिवसीय एफडीपी संपन्न



रायपुर। कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी, रायपुर में 17 से 19 जुलाई तक 'उच्च शिक्षा में जनरेटिव एआई और उन्नत तकनीक' विषय पर तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को जनरेटिव एआई आधारित आधुनिक तकनीकों से परिचित कर शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एस. एन. पांडा के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जबकि इंटरनल क्वालिटी इवैल्यूएशन सेल की डायरेक्टर डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रो. नरसिम्हुलु यक्कला, चंद्र कुमार एवं प्रो. श्रीनिवास ने जनरेटिव एआई, इंटरैक्टिव ई-कंटेंट, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, नोटबुकएलएम, मूडल, कैनवा एआई और जैमिनी जैसे आधुनिक डिजिटल टूल्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही एआई के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### 30 से अधिक पदक जीतकर टॉपगन शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए बनाई जगह




रायपुर। छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में 12 से 21 जुलाई 2026 तक आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रायपुर की टॉपगन शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 से अधिक पदक अपने नाम किए। अकादमी के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में हिस्सा लिया, जिनमें से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी क्वालिफाई किया। 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शिवम गुप्ता ने 391 अंक के साथ सीनियर वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। नमन साहू, आस्था सिंह, नायो महलानी, लक्ष्य, ध्रुव अंबवानी, वान्या त्रिपाठी, रागिनी शर्मा सहित कई खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए। वहीं, 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ईशान साहू ने जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता। समापन समारोह में राज्य के डीजी सहित वरिष्ठ अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों, प्रशिक्षकों और अकादमी को देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प व्यक्त किया।

### स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : डॉ. सिन्हा



रायपुर। विश्व मस्तिष्क दिवस के अवसर पर एनएचएमएमआई अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. एच.पी. सिन्हा ने कहा कि हृदय, किडनी और लीवर की तरह मस्तिष्क की देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की थीम 'ब्रेन हेल्थः एक्सेस फॉर ऑल' का उद्देश्य हर व्यक्ति तक मस्तिष्क संबंधी रोगों की समय पर जांच, उपचार और पुनर्वास की सुविधा पहुंचाना है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि स्ट्रोक, डिमेंशिया, मिर्गी, पार्किंसन और माइग्रेन जैसी बीमारियों का खतरा स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने उच्च रक्तचाप को 'साइलेंट किलर' बताते हुए नियमित जांच और नियंत्रण पर विशेष जोर दिया। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तंबाकू से दूरी और मानसिक सक्रियता बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण दिखने पर बिना देर किए अस्पताल पहुंचना चाहिए, क्योंकि उपचार में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.)
95224-66664, 62622-22003

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी.सिंह
डॉ. नीलिमा सिंह
9009553889, 9090204620

भास्कर आई केयर
डॉ. दिलीप लालवानी
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रायपुरा में अवैध निर्माण को तोड़ गिराया

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा के पास करीब 2204 वर्गफीट जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को नगर निगम जोन 8 की टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर तोड़ गिराया। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, अनुराग पाटकर, उप अभियंता लोचन चौहान और नगर निवेश विभाग की टीम ने अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई की। जोन क्षेत्र अंतर्गत अन्य वार्डों में सड़क बाधा शुल्क और ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों पर कड़ाई बरतते हुए 8,500 रुपए ई चालान वसूला गया।

### मुख्यमंत्री की घोषणाओं को शीघ्र क्रियान्वयन की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी लंबित मांगों के संबंध में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सौजन्य भेंट कर मुख्यमंत्री द्वारा महा सम्मेलन में की गई घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन का अनुरोध किया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि गत माह आयोजित प्रदेश स्तरीय महा सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थीं।

### मुख्यमंत्री साय के नाम सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से रैली निकालकर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि राज्य स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतनमान के संबंध में लिए गए विधिवत निर्णय, स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश तथा भारत सरकार के प्रचलित दिशा-निर्देशों के बावजूद भारत सरकार को भिन्न प्रस्ताव भेजा गया, जिसके कारण प्रदेश के लगभग 3700 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आज भी उचित वेतनमान से वंचित है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि शासन के विधिवत निर्णयों के सम्मान, प्रशासनिक पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, सुशासन तथा प्रदेश के हजारों सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री इस गंभीर विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर न्यायोचित निर्णय लेंगे।

### तड़ीपार महिला शहर में दिखी, गिरफ्तार कर पुलिस अलग से कार्रवाई कर रही

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट से जिला बदर के बावजूद राजधानी में सक्रिय महिला हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने एक बार फिर गिरफ्तार किया है।



हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने मौदहापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर को डॉ. संजीव शुक्ला ने जून में तड़ीपार करने का आदेश दिया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस, मारपीट सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में 20 से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ अलग से कार्रवाई की जा रही है। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रही थी। उसे टिकरापारा पुलिस ने अपने प्रकरण में गिरफ्तार किया है। मुस्कान रात्रे सूखा नशा के कारोबार से जुड़े मामले में लंबे समय से फरार चल रही थी। चार मई को गोकुल नगर श्मशान घाट के पास पुलिस ने अनीस और कपिल तिवारी को 73 प्रतिबंधित टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया था।

# 53 करोड़ रुपए की बोगस बिलिंग, टैक्स चोरी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

*स्टेट जीएसटी की तकनीकी एवं खुफिया विभाग की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्टेट जीएसटी ने फर्जी बिलिंग और बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 53 करोड़ रुपए की फर्जी बिलिंग के मामले में मुख्य आरोपी विजय कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। विभाग के अनुसार आरोपी ने 53 करोड़ रुपए की बोगस बिलिंग के जरिए 9.54 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की। उसे 20 जुलाई को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर कारोबारी को 3 अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया कि विजय कुमार यादव मेसर्स माया स्टील एंड एंटरप्राइज और मेसर्स मायरा स्टील एंटरप्राइजेज के नाम से दो फर्मों का संचालन करता था।

इन फर्मों के जरिए करीब 53 करोड़ रुपए की फर्जी बिलिंग कर 9.54 करोड़ रुपए का बोगस आईटीसी अलग-अलग फर्मों को ट्रांसफर किया गया। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने बंद और फर्जी फर्मों से मिले फर्जी आईटीसी का दावा कर उसका इस्तेमाल अपनी टैक्स देनदारी चुकाने में किया।

## 9.54 करोड़ के जीएसटी फ्रॉड का खुलासा, 3 अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर जेल

### खुद ऐसे उठाया फर्जी आईटीसी का लाभ

*स्टेट जीएसटी के मुताबिक आरोपी ने सिर्फ दूसरी फर्मों को 9.54 करोड़ रुपए का फर्जी आईटीसी ट्रांसफर नहीं किया, बल्कि खुद भी इतनी ही राशि के फर्जी आईटीसी का दावा कर उसका लाभ लिया। बिना वास्तविक माल की खरीद-बिक्री किए केवल बिलों के आधार पर लेन-देन दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का अनुचित फायदा उठाया, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हुआ। स्टेट जीएसटी फर्जी बिलिंग और बोगस आईटीसी के खिलाफ विशेष अभियान चला रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। विभाग का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।*



### जांच में सामने आईं अनियमितताएं

- कारोबारी ने 10 ऐसी फर्म जिनका जीएसटी पंजीयन रद्द हो चुका था या जो आपस में संबंधित पक्ष थीं, आईटीसी-02 के जरिए 6.13 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी का दावा कर उसका उपयोग किया, जबकि इनके बीच कोई मर्जर, डी-मर्जर (**Demerger**) नहीं हुआ था।
- पंजाब समेत अन्य राज्यों की 9 ऐसी फर्मों से, जिनका जीएसटी पंजीयन रद्द था या जो अस्तित्व में ही नहीं थीं, 1.99 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी का दावा किया गया। जांच में इन फर्मों से किसी भी तरह की वास्तविक माल आपूर्ति नहीं मिली।
- बिना किसी वास्तविक खरीद के जीएसटीआर-2बी की तुलना में जीएसटीआर-3बी में 1.41 करोड़ रुपए का अतिरिक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम कर उसका लाभ लिया गया।

### 28 एकड़ दायरे में फैला है रायपुर नगर निगम का पुराना ट्रेंचिंग ग्राउंड

# बारिश ने डाला खलल, सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड पूरी तरह क्लीयर नहीं, कूड़ा छंटाई और स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में दो दशक से दबे 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा के वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन कर साइट क्लीयर करने के काम में बारिश ने खलल डाला है। अनुबंधित एजेंसी ने स्थल पर अलग-अलग तरीके की मशीन लगाकर सालों से दबे कूड़े को खुदाई कर बाहर निकालने के बाद उसकी छंटाई और स्क्रीनिंग करने का कार्य तो पूरा कर लिया, पर ट्रेंचिंग ग्राउंड में फैले मटेरियल की ट्रांसपोर्टिंग का कार्य पहले डीजल की किल्लत और अब बारिश की भेंट चढ़ गया है। अब ऐसे में बाकी का काम बारिश के बाद भी शुरू हो पाएगा। निगम के आला अधिकारियों का कहना है कि सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में जो एरिया पूरी तरह क्लीयर हो गया है, उसकी फैंसिंग कराकर हरित क्षेत्र बनाने पौधारोपण कराया जाएगा। इसके लिए निगम मुख्यालय ने जोन 8 कमिश्नरी से स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव मांगा है।

- 20 साल से दबे 450 लाख मीट्रिक टन कूड़ा निकालने रायगढ़ की एजेंसी को मिला है ठेका

रायपुर नगर निगम के जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड के सरोना एरिया में 28 एकड़ में फैले डंप साइट में एक अरसे से दबे कूड़ा से खारुन नदी में गंदा पानी रिसकर जाने और पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण की समस्या को देखते हुए एनजीटी की फटकार के बाद नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर रायगढ़ की एजेंसी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया, पर काम की धीमी रफ्तार के कारण यह काम निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो पाया। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्थल पर पहुंचकर कार्य की धीमी गति को लेकर पूर्व में ठेका एजेंसी को जमकर फटकार भी लगाई, साथ ही 31 मार्च तक बकाया काम पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। अनुबंधित एजेंसी द्वारा कूड़े को तीन अलग-अलग हिस्सों में बांटते हुए हाईटेक पावर स्क्रीन मशीन लगाकर छंटाई कराई गई।

बड़े आकार की प्लास्टिक झिल्ली, डिस्पोजल कचरा और टायर को पहले हिस्से में, दूसरे हिस्से में छोटे-छोटे टुकड़ों वाला कूड़ा जिसे सीमेंट फैक्ट्री में ईंधन के लिए दिया गया। मिट्टी, ईंट, पत्थर, कपड़े व अन्य चीज का उपयोग जमीन को समतल करने में किया गया। तीसरे हिस्से वाले कचरे में बारीक मिट्टी का बुरादा, यह एक तरह से खाद के रूप में तैयार हुआ।



### कचरे की खुदाई, छंटाई स्क्रीनिंग का काम पूरा

*प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के अधिकारियों ने बताया कि सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड से खुदाई कर दबे हुए कूड़ा की छंटाई और स्क्रीनिंग का काम पूरा हो गया है। विश्वभर में गहराए ईंधन संकट के कारण कूड़ा निष्पादन का कार्य प्रभावित रहा। इसके बाद बारिश की वजह से साइट पर पानी भरने से मटेरियल की ट्रांसपोर्टिंग का काम अटक गया है। यह बकाया कार्य बारिश सीजन के बाद पूरा होगा।*

### बारिश और डीजल संकट के कारण कार्य प्रभावित

*सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कूड़ा को खोदकर निकालने, छंटाई करने और स्क्रीनिंग कर वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन का कार्य पूरा हो गया है। कुछ मटेरियल बचा हुआ है, जिसे बारिश के बाद साइट से क्लीयर कराया जाएगा। सरोना डंपिंग साइट का जो एरिया क्लीयर है, वहां पौधे लगाए जाएंगे। जोन 8 को कहा गया है कि स्थल निरीक्षण कर प्रपोजल बनाकर भेजे। निगम आयुक्त की स्वीकृति के बाद उस क्षेत्र की फैंसिंग और पौधारोपण का कार्य कराएंगे।*


*- **विनोद पांडे**, अपर आयुक्त स्वास्थ्य, नगर निगम रायपुर*

### ओल्ड कोर्स द्वितीय सेमेस्टर का मामला

# एकमात्र छात्र के लिए परीक्षा एमए राजनीति का परिणाम शून्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने बुधवार को 21 विभिन्न सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इनमें मुख्य और नियमित पाठ्यक्रम में छात्रों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। पुराने सिलेबस या बैकलाग वाले अधिकतर विषयों में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत चिंताजनक है। एमए राजनीति विज्ञान ओल्ड कोर्स द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा केवल एक छात्र के लिए आयोजित की गई थी। एकमात्र छात्र भी एटीकेटी श्रेणी में आ गया। अतः इस कक्षा का परिणाम शून्य घोषित करना पड़ा। इसी तरह एमएससी फिजिक्स ओल्ड कोर्स द्वितीय सेमेस्टर में सिर्फ 14.29% छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। 7 छात्रों के लिए यह परीक्षा रखी गई थी। बीवॉक फैशन डिजाइनिंग द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर, एमए संस्कृत संस्कृत ओल्ड कोर्स चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम 100 प्रतिशत रहे हैं।



### सर्वाधिक छात्र बीएड में

*जिन कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक छात्र बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में हैं। इस परीक्षा में 3,755 छात्र शामिल हुए। इनमें से 96.14% उत्तीर्ण रहे हैं। एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर में 705 छात्र शामिल हुए। इनमें 96.45% को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। एलएलबी पार्ट-1 के द्वितीय सेमेस्टर में 639 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 87.95% उत्तीर्ण रहे हैं। जो छात्र पुनर्मूल्यांकन करवाना चाहते हैं, उन्हें इसके लिए सिर्फ 15 दिनों का समय दिया गया है। रविवि ने परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।*

### जानिए...यह स्थिति क्यों?

विद्यार्थी के दाखिले के दौरान जो पाठ्यक्रम विवि द्वारा संचालित किया जाता है, उसी पाठ्यक्रम के आधार पर छात्रों के अंतिम कक्षा उत्तीर्ण होने तक परीक्षा लिए जाने का प्रावधान है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में बदलाव हुए हैं। ऐसे में जो पुराने छात्र हैं, उनके लिए पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर ही परीक्षा आयोजित करनी पड़ रही है। कम छात्र संख्या होने के कारण एक-दो छात्रों के भी फेल होने पर पूरा प्रदर्शन ही खराब हो रहा है। पूर्व में भी इस तरह की स्थिति निर्मित होती रही है।

# देश की खुशहाली के लिए हनुमान चालीसा पाठ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आम आदमी पार्टी द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। राजधानी में बूढ़ेश्वर मंदिर बूढ़ापारा में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यह आयोजन प्रदेश के अनेक विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। यह आयोजन प्रदेश और देश में शांति, सद्भाव, सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को मजबूत करने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। पार्टी नेताओं ने कहा, आज समाज को कटुता, वैमनस्य और नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर सत्य, सेवा, सद्भाव और राष्ट्रहित की भावना को अपनाने की आवश्यकता है। भगवान श्रीराम के आदर्श और हनुमान की भक्ति, सेवा, साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा हैं।

### नवप्रवेशी सदस्यों को दिलाई शपथ

विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े अनेक प्रमुख कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत ने सभी नवप्रवेशी साथियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (एससी विंग) उदय चरण बंजारे, भीम आर्मी एकता मिशन के पदाधिकारी भागवत टंडन, शंकर बंजारे, शांतनु जांगड़े एवं विकास पाल ने आम आदमी पार्टी का दामन थामते हुए पार्टी की विचारधारा एवं जनहितकारी नीतियों पर विश्वास व्यक्त किया।

# दिल्ली में लाठीचार्ज, राजधानी के मेडिकल कालेज में सांकेतिक विरोध

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नीट में अनियमितता के मामले में प्रदर्शन करने वालों पर दिल्ली में हुए लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को राजधानी के मेडिकल कालेज में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। हाथों में तिरंगा और पोस्टर लेकर चिकित्सा छात्रों ने घटना की कड़ी निंदा की। इस मामले में लापरवाही स्वीकारते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की गई।

पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों ने दिल्ली में हुई घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के भावी चिकित्सकों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा आघात है। इस मामले में जिम्मेदारी स्वीकारते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफा लेने की मांग की गई। लाठीचार्ज की घटना निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा भविष्य में चिकित्सकों एवं मेडिकल छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस दौरान जूडा रायपुर अध्यक्ष डॉ. पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि देशभर के जूनियर डॉक्टर अपने साथियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हैं। छत्तीसगढ़ जूडा अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने छात्र-चिकित्सकों पर बल प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। सीडा के अध्यक्ष डा. अंजन सिंह चौहान ने कहा कि चिकित्सक समाज पर किसी भी प्रकार की हिंसा अस्वीकार्य है। सीजीडीएफ के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि डॉक्टर समाज हमेशा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखता है।



# बरसते पानी में स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रदर्शन, सिस्टम में आउटसोर्सिंग का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बरसते पानी में बुधवार को प्रदर्शन किया। विभाग में विभिन्न स्तर पर हो रहे आउटसोर्सिंग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने रैली निकाली। अपनी आठ सूत्रीय मांग को शीघ्र पूरा करने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

- आठ सूत्रीय मांग, पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अर्जुन नगर स्थित कार्यालय से रैली निकालकर नगरघड़ी चौक पर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री, माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



उन्होंने मांग की है कि स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षित के संबंध मे भेजे गये प्रस्ताव पर सकारात्मक कार्यवाही की जाए। संघ के लंबित मांगों पर होने वाली कार्यवाही से पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया जाए। विभाग के तकनीकी सहित अन्य पदों को आउटसोर्सिंग से मुक्त रखा जाए। बिना पंजीयन हेल्थ सेक्टरों मे लोगों की नियुक्ति नहीं की जाए। विभिन्न संस्थानों में स्वीकृत सेटअप में भर्ती की जाए। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो को समान कार्य समान वेतन के लिए स्पष्ट नीति निर्धारित हो। जिला अध्यक्ष सालिक नौरंगे ने चेतावनी दी है कि समय पर मांगो पर समुचित कार्यवाही नहीं होती है, तो आने वाले समय में आंदोलन का स्वरूप उग्र हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान संघ के संरक्षक ओपी शर्मा, प्रांतीय महामंत्री एसपी देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, वरिष्ठ उपप्रांताध्यक्ष बीके शुक्ला, प्रांतीय सचिव अरविन्द्र चन्द्राकर, उप प्रांताध्यक्ष रामजी सेन, अजय पाण्डेय, अमृत निषाद, खोमन पटेल, संभागीय संरक्षक प्रदीप बोगी संभागीय, अध्यक्ष संतोष देवांगन, जिला संरक्षक एसएस सोनी सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# ड्यूटी निभाते 16 पुलिस जवान हुए घायल कमिश्नर ने ली उपचार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में भाजपा के कांग्रेस मुख्यालय घेराव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और रैली को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल द्वारा बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही थी, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा अचानक पत्थर एवं बोतलें फेंके जाने से अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई, जिसमें ड्यूटी पर तैनात पुलिस के 16 जवान घायल हो गए। घायलों में एक महिला आरक्षक शामिल थी, दो पुलिस जवानों को गंभीर चोटें आई हैं।

- पुलिस कमिश्नर ने अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिस जवानों का जाना हाल



घटना की जानकारी मिलते ही रायपुर के पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने अस्पताल पहुंच कर भर्ती पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से घायल जवानों के स्वास्थ्य एवं उपचार की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। घायल जवान कलेश्वर वर्मा ने बताया कि बैरिकेडिंग के दौरान भीड़ के बीच फंस जाने से उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया। वहीं, प्रशिक्षु उप निरीक्षक (पीएसआई) देवराज सिंह के सिर पर बोतल लगने से गंभीर चोट आई है, जिनका उपचार चिकित्सकों की निगरानी में जारी है। अन्य घायल आरक्षकों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इस दौरान पुलिस उपायुक्त तारकेश्वर पटेल, एसीपी नीलेश द्विवेदी, टीआई राजेश मरई सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीकाकार, देहदान संकल्पी गणेश दास का निधन

**रायपुर।** ग्राम दोंदेखुर्द निवासी समाजसेवी, रामायण के प्रख्यात टीकाकार, चिंतक एवं देहदान संकल्पी गणेश दास मानिकपुरी (80) का बुधवार को निधन हो गया। वे प्रख्यात समाजसेविका रहीं स्व. अम्बा देवी के पति तथा जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी के पिता थे। उनके निधन पर परिवार, शुभचिंतकों तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त किया है। श्री मानिकपुरी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से सेवानिवृत्त थे। अविभाजित मध्यप्रदेश में वे इंटक के महामंत्री के रूप में भी सक्रिय रहे। स्पष्टवादिता, निर्भीक व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण उन्हें व्यापक सम्मान प्राप्त था। वे रामायण के प्रख्यात टीकाकार, गहन अध्येता और चिंतक थे। धार्मिक ग्रंथों, साहित्य तथा समाचार-पत्रों के नियमित अध्ययन के साथ-साथ ग्रामीण विकास, सामाजिक जागरूकता और जनकल्याण उनके चिंतन के प्रमुख विषय रहे। उन्होंने आजीवन सादा एवं शाकाहारी जीवन अपनाया और सभी प्रकार के नशे का दृढ़ता से विरोध किया। समाज में नशामुक्ति, सामाजिक समरसता, वैज्ञानिक सोच तथा अंधविश्वास और जातिवाद के विरुद्ध जनजागरण के लिए वे निरंतर सक्रिय रहे।





हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




मानसून के दौरान पहाड़ों, जंगलों और झरनों की सैर करने का रोमांच सिटी बाइक राइडर्स में सिर चढ़कर बोल रहा है। यह एडवेंचर पर्यावरण से जुड़ने और शहर की भागदौड़ से दूर प्रकृति की गोद में सुकून पाने का बेहतरीन माध्यम बन गया है। रायपुर और उसके आसपास के बाइकर्स ग्रुप्स में घने जंगलों, पहाड़ों और वाटरफॉल की सैर का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। सीजी टूरिज्म बोर्ड और विभिन्न एडवेंचर क्लब्स द्वारा मानसून सीजन में शानदार राइड्स आयोजित की जा रही हैं।

# मानसून में पहाड़-जंगल और वाटरफॉल की सैर सिटी बाइक राइडर्स पर चढ़ा एडवेंचर का जुनून

## रोमांचक रूट्स व डेस्टिनेशन्स में चिखली, चिंगरापगार, चित्रकोट, जतमई, भोरमदेव, सिरपुर की यात्रा

**रायपुर।** सिटी के बाइक राइडर्स के लिए सबसे पसंदीदा और रोमांचक रूट्स व डेस्टिनेशन्स में शहर से 120 किमी. दूर धमतरी जिले के चिखली बांध, जंगल, नदी और पहाड़, 75 से 80 किमी. दूर राजिम-गरियाबंद रोड होते घटारानी-जतमई जलप्रपात, घने जंगलों, घुमावदार सड़कों और चट्टानों के बीच स्थित यह छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े प्राकृतिक झरनों में से एक है। यहां स्थित माता का मंदिर भी राइडर्स का मुख्य आकर्षण है। वहीं चिंगरापगार और गजपल्ला वाटरफॉल के लिए लगभग 70-75 किलोमीटर की बाइक राइडिंग कर बाइकर्स ग्रुप के साथ यहां के छिपे हुए प्राकृतिक नजारों के दीदार के लिए पहुंच रहे हैं। यहां पहुंचने के लिए छोटे ट्रैकिंग ट्रेल्स पार करने पड़ते हैं, जो बाइकर्स को बहुत ही एडवेंचर का एहसास देते हैं। दशकुंड वॉटरफॉल सिरपुर शहर से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है, जहां की ट्रिप अक्सर बाइकर्स ग्रुप्स अलग अलग सीजन पर आयोजित करते रहते हैं। सिटी बाइक राइडर्स एडवेंचर ग्रुप्स में अब राज्य के अनछुए पर्यटन स्थलों तक पहुंचने 300 किलोमीटर के रेंज में साहसिक बाइक राइडिंग का क्रेज काफी बढ़ा है।





### इस सप्ताह यात्रा पर निकलेगा बाइकर्स ग्रुप

सिटी के ट्राइप्लॉइड मोटरसाइकल क्लब के बाइकर्स का दल अगले सप्ताह राज्य के अलग-अलग पर्यटन स्थलों के लिए यात्रा पर निकलेगी, जहां पर एडवेंचर के लिए जंगलों में ऑफ रोड ट्रॉयल्स भी करेंगे। यात्रा के लिए प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में कवर्धा भोरमदेव, धमतरी गंगरेल बांध, बस्तर चित्रकोट, कांगेर वेली, बलौदाबाजार जिले का विभिन्न धार्मिक स्थल शामिल है।

### इंटरस्टेट राइडिंग का भी बढ़ रहा क्रेज

ट्राइप्लॉइड मोटरसाइकल क्लब के फाउंडर अमिया सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके क्लब के राइडर्स का ग्रुप मानसून के सीजन में राज्य के पर्यटन स्थलों का सैर पर निकलता है। अभी इंटरस्टेट बाइक राइडिंग में क्लब के सदस्य शिखर केशरवानी ने ओडिशा राज्य के जगन्नाथ पुरी की यात्रा बाइक से तय की है। इस तरह से राज्य के अलावा अब इंटरस्टेट बाइक राइडिंग एडवेंचर का क्रेज राइडर्स में बढ़ रहा है।

### बाइक राइडिंग को बढ़ावा देने जिला स्तरीय प्रोग्राम

सिटी बाइक राइडिंग को प्रमोट करने के लिए शहर में पिछले दिनों बीओबीएमसी कनेक्ट 2.0 प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से बाइक क्लब शामिल हुए। यह प्रोग्राम नेशनल स्तर पर छत्तीसगढ़ बाइक राइडर्स को एक अलग पहचान देने के उद्देश्य से पहली बार आयोजित किया गया। आने वाले दिनों में भी इस तरह के प्रोग्राम और बाइक राइडिंग एडवेंचर का आयोजन जारी रहेगा।

## सिटी इवेंट

# एनआईटी में 154 स्वच्छता एवं उद्यानिकी कर्मचारियों को प्राध्यापकों ने बांटी छतरी



**रायपुर।** एनआईटी में प्राध्यापकों द्वारा स्वच्छता एवं उद्यानिकी कर्मचारियों के लिए छाता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रध्यापकों ने इस कार्यक्रम से सामाजिक उत्तरदायित्व एवं कर्मचारी कल्याण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का परिचय दिया। यह सराहनीय पहल प्राध्यापकों के स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग से संभव हो सकी, जो परिसर की स्वच्छता, हरियाली तथा स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में स्वच्छता एवं उद्यानिकी कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे समर्पित एवं निरंतर योगदान के प्रति उनके सामूहिक सम्मान एवं आभार का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में सफाई और बागवानी विभाग के कुल 154 कर्मचारी और विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। यह पहल विशेष रूप से वर्षा ऋतु में उनके अथक परिश्रम, समर्पण तथा संस्थान के प्रति उनकी निरंतर सेवाओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर प्राध्यापकों ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान की प्रगति और विकास में प्रत्येक सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सामाजिक एवं मानवीय पहल न केवल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाती है, बल्कि एनआईटी रायपुर परिवार में पारस्परिक सम्मान, संस्थागत सौहार्द्र तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करती है।

वर्षा ऋतु में संस्थान के कर्मचारियों के सेहत और सुरक्षा के लिए सराहनीय पहल

### इन प्राध्यापकों ने दिया आर्थिक सहयोग

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. डीसी झारिया, प्रो. देबाशीष मिश्रा, प्रो. शारदा नंदन रॉ, प्रो. ईभा कोले, डॉ. मृदु साहू, प्रो. बिकेश कुमार सिंह, प्रो. नीरज विश्वकर्मा, प्रो. सूरज कुमार मुक्ति, डॉ. हिमांशु पोपटानी, प्रो. अमित राज सिंह तथा डॉ. नेहा गुप्ता ने उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

### योगदान के लिए किया सम्मानित

कार्यक्रम का समापन प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के बीच आत्मीय संवाद और शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर ने एक समावेशी, संवेदनशील एवं सहयोगपूर्ण कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति एनआईटी रायपुर की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया। छाता वितरण कार्यक्रम संस्थान की स्वच्छता एवं उद्यानिकी कर्मचारियों के अमूल्य योगदान के प्रति सामूहिक सम्मान, कृतज्ञता तथा मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा।

# मुंबई-दिल्ली-हैदराबाद जैसी मेट्रो सिटीज का फैशन स्टाइल फॉलो कर रहे रायपुरियंस

**रायपुर।** राजधानी के युवाओं में हर सीजन अपना फैशन स्टाइल अपडेट करने का चलन बढ़ा है। खासकर 18 से 25 एज ग्रुप के गर्ल्स और ब्वॉयज स्टाइलिश दिखने मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद जैसी मेट्रो सिटीज के ड्रेसेस, फुटवियर और ज्वेलरी से जुड़े फैशन स्टाइल को फॉलो कर रहे हैं। नए फैशन में वेस्टर्न, इंडो कल्चर पैटर्न, इंटरनेशन फैशन में ट्रेंडिंग ड्रेसेस, फुटवियर और फैंसी ज्वेलरी शामिल हैं। हर मौसम और फेस्टिवल सीजन के हिसाब से कपड़े, फुटवियर और ज्वेलरी जैसे फैशन कारोबार से जुड़े शहर के व्यापारी युवाओं की डिमांड और देश की मेट्रो सिटीज में चलन के फैशन स्टाइल को लांच करते रहते हैं। शहर के फैशन मार्केट के व्यापारियों ने बताया कि हर 4 महीने में सिटी यूथ का फैशन स्टाइल बदल जाता है। राजधानी में जितने भी ड्रेसेस, फुटवियर और ज्वेलरी फैशन के आयटम्स मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद जैसी मेट्रो सिटीज से थोक में मंगाए जाते हैं, महानगरों की फैशन स्टाइल न्यू जरनरेशन काफी पसंद करती है।



### गर्ल्स को पसंद ईविल आई डिजाइन इमिटेशन ज्वेलरी

शहर की गर्ल्स में फैंसी ज्वेलरी में मुख्य रूप से इमीटेशन ज्वेलरी का क्रेज बढ़ा है, जिसमें रोज गोल्ड पैटर्न, बटरफ्लाई और ईविल आई जैसी डिजाइन पसंद की जा रही है, साथ ही स्टर्लिंग सिल्वर और ब्रिज ज्वेलरी भी लोकप्रिय हो रही है। शहर के सदर बाजार और मालवीय रोड स्थित ज्वेलरी शोरूम तथा फैंसी ज्वेलरी शॉप पर इमीटेशन ज्वेलरी के अनेकों प्रकार और डिजाइन उपलब्ध हैं।

### कैजुअल शर्ट, जीन्स और कॉटन ज़्यादा पसंद

पुरानी बस्ती मेन रोड स्थित फैशन हाउस के संचालक विवेक सिंह ने बताया कि 18 से 25 साल तक के युवाओं के बीच लड़कियों में स्टाइलिश टॉप, जींस, प्लाजो सेट और कुर्तियां तथा लड़कों में अच्छी फिटिंग वाली कैजुअल शर्ट, जीन्स और कॉटन के कपड़े सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इस एज ग्रुप के यूथ जो फैशन ट्रेंड्स को फॉलो करते हैं, इसलिए वे कंफर्ट के साथ-साथ स्टाइल पर भी ध्यान देते हैं। लड़कियों की पसंद की ड्रेसेस में कैजुअल वियर के स्टाइलिश टॉप्स, जींस और प्लाजो सेट खासकर कॉटन ब्लेंड में हैं।

# छात्र परिषद के अलंकरण और शपथ ग्रहण में छलका उत्साह



**रायपुर।** छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह के चलते होली हार्ट्स एजुकेशनल एकेडमी में उत्सव का माहौल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। समारोह में छात्र परिषद के पदाधिकारियों, विद्यालय के विभिन्न क्लबों के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मोहम्मद आसिम गनी को हेड बॉय, नंदिता सोनी को हेड गर्ल, सोहम प्रेमचंदानी को डिप्टी हेड बॉय, गर्गी मिश्रा को डिप्टी हेड गर्ल, प्रभमीत सिंह को जूनियर हेड बॉय तथा स्वरा राठी को जूनियर हेड गर्ल का दायित्व दिया गया। विद्यालय के विभिन्न क्लबों का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच, टीम भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, कक्षा के बाहर सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इसमें संस्था के चेयरमैन आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्या नीपा चौहान, हेड मिस्ट्रेस शालिनी अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल कमल किशोर अग्रवाल, शिक्षिका मेनका दुबे शामिल हुईं।

## लाइव इवेंट

# विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति ट्रैक करना और शिक्षा व्यवस्था पारदर्शी बनाना जरूरी



**रायपुर।** आईटीएम विश्वविद्यालय द्वारा डिजिलॉकर एवं अपार विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स, नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी, डिजिलॉकर एवं अपार विषय पर मंथन हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत डिजिटल शैक्षणिक व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना तथा राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में एबीसी, एनएडी, डिजिलॉकर एवं अपार के संबंध में जागरूकता एवं क्षमता निर्माण करना रहा। कार्यक्रम में प्रदेश के शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालयों के प्राचार्य, अधिष्ठाता, प्राध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सहभागिता रही। कार्यशाला में प्रो. डॉ. लक्ष्मी मूर्ति प्रति-कुलपति आईटीएम विश्वविद्यालय स्वागत उद्बोधन देते हुए उच्च शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया एवं विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं उच्च शिक्षा विभाग की सभी डिजिटल पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त किया।

### प्रत्येक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से जोड़ना प्राथमिकता



कार्यशाला में रीता यादव आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य में सकल नामांकन अनुपात बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से जोड़ना राज्य की प्राथमिकता है तथा किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा बीच में नहीं रुकनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अपार आईडी विद्यालयी एवं उच्च शिक्षा दोनों से एकीकृत होने के कारण विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को निरंतर ट्रैक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाएगी।

## फैंसी ड्रेस किराया शॉप में मानसून, ग्रीन डे सेलिब्रेशन, जन्माष्टमी, गणशोत्सव थीम की बढ़ी डिमांड

# स्कूलों के फेस्टिवल में गणेश, श्रीकृष्ण और शिवजी के फैंसी ड्रेस गेटअप का बच्चों में क्रेज

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** त्योहारों के इस सीजन में श्रीगणेश, श्रीकृष्ण और शिवजी के फैंसी ड्रेस गेटअप की स्कूली बच्चों में मांग बढ़ गई है। खासकर स्कूलों में हो रही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं के चलते मार्केट में फैंसी ड्रेस स्टोर संचालकों की बल्ले-बल्ले हो गई है। शहर की पुरानी बस्ती में मेनरोड पर दर्जनभर फैंसी ड्रेस की दुकानें सजी हुई हैं। इन दुकानों से कई तीज-त्योहारों व वोकेशन के लिए तरह-तरह की फैंसी ड्रेसेस, ज्वेलरी व अन्य थीम बेस्ड गेटअप की सामग्री की हर सीजन में मांग हो रही है। पुरानी बस्ती मेनरोड पर संचालित फैंसी ड्रेस शॉप के संचालक अर्जुन शर्मा ने बताया कि यूं तो पार्टी वोकेशन के मुताबिक, हर प्रकार की फैंसी ड्रेसेस, गेटअप के अन्य सजावटी सामान की डिमांड रहती है। गौरतलब है कि बच्चे इन देवताओं के रूप में तैयार होकर अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक जड़ों को व्यक्त करते हैं। साथ ही शिक्षक स्कूल के कार्यक्रमों के लिए ऐसे गेटअप को प्रोत्साहित करते हैं। सांस्कृतिक महत्व में देवी-देवता भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। बच्चों के लिए इन्हें प्रस्तुत करना एक सांस्कृतिक शिक्षा का माध्यम है। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बच्चों को रचनात्मकता और कलात्मक कौशल दिखाने का एक मंच प्रदान करती है। इन किरदारों के माध्यम से बच्चे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में सीखते हैं।





### बच्चों को इन किरदारों के महत्व और कहानियों से जोड़ने का प्रयास

इन गेटअप के लिए बच्चों को ऐसे परिधान पहनाए जाते हैं, जिनमें वे आसानी से हिल-डुल सकें और सहज महसूस करें। उदाहरण के लिए नीले रंग के कपड़े कृष्णजी के लिए। शिक्षक बच्चों को इन किरदारों के महत्व और कहानियों से जोड़ने का प्रयास करते हैं, ताकि फैंसी ड्रेस केवल दिखावे तक सीमित न रहे।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में इन कैरेक्टर्स की डिमांड

गोलबाजार स्थित फैंसी ड्रेस के संचालक वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि श्रीगणेश, श्रीकृष्ण और शिवजी बच्चों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं, जिससे उनके फैंसी ड्रेस के रूप में तैयार होने की इच्छा बढ़ती है। हालांकि कुछ सालों से बच्चों की बर्थ-डे पार्टी, स्कूलों में होने वाली फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए पर्यावरण से जुड़े पेड़-पौधों, एनिमल्स कैरेक्टर्स, फनी व सुपरमैन के कार्टून कैरेक्टर, फेस्टिवल गेटअप में भगवान कृष्ण, श्रीगणेश, शिवजी, राधारानी, मां पार्वती और सरस्वती माता की फैंसी ड्रेस के गेटअप की डिमांड खूब रहती है।

## सिटी लाइव

# आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण का करें प्रयास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के विभिन्न तीर्थस्थलों, पवित्र नदियों और पौराणिक स्थलों की आध्यात्मिक मूल्य वाली वस्तुओं और वास्तुओं को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार 'सनातन संस्था' को हरसंभव सहायता करेगी। यह आश्वासन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिया। सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म, डॉ. जयंत आठवले की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी श्रीसत्शक्ति बिंदा सिंगबाल और श्रीचित्शक्ति अंजलि गाडगिल ने मुख्यमंत्री श्री साय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिस पर मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया। सनातन सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता चेतन राजहंस ने बताया कि सीएम सोमनाथ शिवलिंग के दिव्यांशों का दर्शन करेंगे। सहस्त्र वर्ष पूर्व महमूद गजनवी ने ऐतिहासिक सोरटी सोमनाथ शिवलिंग का विध्वंस किया था।

### प्रशासकीय सहयोग का दिया आश्वासन

सौभाग्य से उस शिवलिंग के दिव्यांश आज भी सुरक्षित हैं। विशिष्ट चुंबकीय तत्व वाले सोमनाथ शिवलिंग के दिव्यांशों का दर्शन भक्तों को भी प्राप्त हो, इसके लिए केंद्र सरकार के 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' अभियान के अंतर्गत राज्य में विशेष आयोजन करने के संदर्भ में मुख्यमंत्री श्री साय ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रशासकीय सहयोग का आश्वासन दिया। सनातन संस्था द्वारा राष्ट्र और धर्म के हित में देशभर में चलाए जा रहे कार्यों तथा गोवा स्थित सनातन आश्रम में चल रहे आध्यात्मिक अनुसंधान के विभिन्न उपक्रमों की जानकारी लेने के बाद सहयोग का भरोसा दिलाया।

## समाज लाइव

# सिंधी पंचायत ने जरूरतमंदों को वितरित की निशुल्क छतरियां



**रायपुर।** पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए समाजसेवा के उद्देश्य से जरूरतमंद छोटे व्यापारियों व मजदूरों को निःशुल्क छतरी बांटी गई। पंचायत ने एमजी रोड, कटोरा तालाब, राजेंद्र नगर और मरीन ड्राइव क्षेत्र में जरूरतमंद मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं, ठेला एवं गुमटी संचालकों को ये छतरियां वितरित कीं। यह जानकारी पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी जतिन नचरानी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य वर्षा के दौरान खुले आसमान के नीचे कार्य करने वाले श्रमिकों एवं छोटे व्यवसायियों को राहत प्रदान करना है।

### सब्जी विक्रेताओं, ठेला एवं गुमटी संचालकों को बांटी छतरी

इस अवसर पर पंचायत के अध्यक्ष संजय जयसिंग एवं महासचिव मोहन वल्र्यानी ने कहा कि पूज्य सिविल लाइंस सिंधी पंचायत सदैव समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। वर्षा ऋतु में दैनिक आजीविका के लिए सड़कों पर कार्य करने वाले श्रमिकों, सब्जी विक्रेताओं तथा ठेला-गुमटी संचालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों की छोटी-सी सहायता भी उनके लिए बड़ा संबल बनती है। भविष्य में भी पंचायत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। छतरी वितरण के दौरान जरूरतमंदों ने पंचायत के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संजय जयसिंग ,मोहन वल्र्यानी, जय आर्य, संजय जादवानी, राजेश गिदवानी, विशाल नारंग, सुशील दरिया, चंदन पारवानी, धनेश मटलानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## इवेंट लाइव

# संगीतमय स्पर्धा में 9 को होगी अंताक्षरी, कराओके की पहल

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में रविवार 9 अगस्त को सुबह 9 बजे से नगर स्तरीय अंताक्षरी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। खेलकूद समिति और गायन कराओके समिति की पहल से सर्वसमाज, संस्था, समिति, क्लब और ग्रुप के लिए संगीतमय स्पर्धा आयोजित की जा रही है। इस बार आर्केस्ट्रा के पेशेवर कलाकार और रेडियो लिस्नर्स क्लब की भागीदारी स्पर्धा को और भी रोचक बनाएगी। उपाध्यक्ष व कार्यक्रम की समन्वयक गीता दलाल ने बताया कि समूची स्पर्धा हिंदी फिल्मी गानों पर आधारित होगी। इसमें भाग लेने वाली टीमों में चार-चार प्रतिभागी होंगे। अंताक्षरी स्पर्धा टीवी चैनलों पर दिखाई जानी वाली स्पर्धाओं की तरह तकनीकी रूप से भी सशक्त होगी। यह कई राउंड बजर पर आधारित होंगे, जैसे बड़े स्क्रीन पर फिल्म के क्लिप दिखाकर, वाद्ययंत्र पर म्यूजिक बजाकर, गायकों की आवाज पहचान कर गाने पहचानने वाले राउंड होंगे।

### प्रतिभागी को देंगे व्यक्तिगत मेडल और प्रमाणपत्र

कराओके समिति की समन्वयक भारती पलसोदकर ने बताया कि प्रतियोगिता राउंड के आधार पर आगे बढ़ेगी। प्रत्येक राउंड में छह टीमें शामिल होंगी। इसमें एक विजेता टीम फाइनल राउंड में भाग ले पाएगी। इस तरह कुल छह राउंड में छह विजेता टीमें फाइनल राउंड में चैंपियन ट्रॉफी के लिए संघर्ष करेंगी। फाइनल राउंड के विजेता को आकर्षक नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को व्यक्तिगत मेडल व प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। इसी तरह स्पर्धा के उपविजेता और तीसरा स्थान हासिल करने वाली टीम को भी नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी, व्यक्तिगत मेडल व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में शामिल होने वाली सभी टीमों के सदस्यों के लिए भी मेडल व प्रमाणपत्र की व्यवस्था की गई है।

---

## शहर के स्कूलों में भी गुरुपूजन की तैयारी, विद्यार्थी आपसी तालमेल से खरीद रहे विविध उपहार

# गुरुजनों को उपहार देने सजे गिफ्ट कार्नर, पेन-डायरी के साथ देवी-देवताओं की मूर्तियों की पूछपरख तेज

शिक्षा में कान्वेंट कल्चर हावी होने से गुरुओं को उपहार देने का चलन बढ़ने लगा है। पॉकेटमनी बचाकर छात्र-छात्राएं अपने चहेते गुरुओं को गुरुपूर्णिमा पर पूजा-अर्चना के बाद अब गिफ्ट भी देने लगे हैं। इससे शहर के गिफ्ट कार्नर्स में देवी-देवताओं की मूर्तियों की पूछपरख भी तेज हो गई है। इसे देखते हुए दुकान संचालकों ने हर बजट में गिफ्ट की विविध वैरायटी का अनूठा कलेक्शन संजोया है। 200 से 5 हजार की रेंज में उपहार सामग्री में सबसे ज्यादा डिमांड इस सीजन में मूर्तियों की है।





**रायपुर।** स्कूलों में सेलिब्रेशन की तैयारी शुरू हो गई है। स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुरुपूर्णिमा पर अपने गुरुओं के लिए सम्मान स्वरूप उपहार ढूंढना अब आसान है। सदर बाजार, कटोरा तालाब, टैगोर नगर और अंबुजा मॉल में स्थित दुकानों पर लोग उपहार तलाशने पहुंचने लगे हैं। जहां 200 से लेकर 5000 तक की रेंज में खास प्रोडक्ट सेलर्स दिखा रहे हैं। गुरुओं को भेंट करने के लिए गिफ्ट कार्नर्स में युवाओं को कई विकल्प आसानी से मिल रहे हैं। कम बजट 200 से 500 रुपए में इंडोर प्लांट्स में लकी बैम्बू, स्नेक प्लांट, पर्सनलाइज्ड कॉफी मग, प्रीमियम पेन सेट को भी खासतौर से पसंद किया जा रहा है। अतुल सुराना, अरिहंत जैन ने बताया कि अभी सबसे ज्यादा राम दरबार, सरस्वती, वेद व्यास सहित श्री गणेश, हनुमान और राधाकृष्ण की जोड़ी को उपहार स्वरूप देना पसंद कर रहे हैं। गुरुपूर्णिमा के चलते पेन, डायरी सहित देवी-देवता की मूर्तियां भेंट देना पसंद कर रहे हैं।



### गुरुओं के सम्मान में बेस्ट प्रस्तुति देने आतुर

कमला देवी संगीत महाविद्यालय, श्रीराम संगीत महाविद्यालय सहित होली हाट्र्स में भी गुरुपूर्णिमा उत्सव को यादगार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां अलग-अलग विधा के धुरंधर गुरुओं के सम्मान में बेस्ट प्रस्तुति देने आतुर हैं। वहीं होली हाट्र्स की शिक्षिका मेनका दुबे ने बताया कि गुरु पूजन और नारियल भेंट करने की परंपरा निभाई जाती है। साथ ही विद्यार्थियों के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इससे गुरुपूर्णिमा पर प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल बनता है। स्कूल में गुरुओं को गिफ्ट देने का चलन हमारे यहां नहीं है। वहीं सरकारी स्कूलों में हर साल की तरह गुरुपूर्णिमा पर पारंपरिक तरीके से पूजा और सम्मान कार्यक्रम होंगे।





### उपहार देने का चलन बढ़ा, सजने लगे कार्नर

प्रेरणादायक कोट्स वाले डायरी और टेबल कैलेंडर स्टूडेंट्स को मध्यम बजट 500 से 1500 तक में उपलब्ध कराया जा रहा है। लकड़ी या रेजिन से बने नेमप्लेट, डेस्क ऑर्गेनाइजर, लेदर के फोल्डर्स और इको-फ्रेंडली हैंडमेड हैंडीक्राफ्ट की डिमांड सबसे ज्यादा छात्राएं कर रही हैं। प्रीमियम बजट में ब्रास से निर्मित धार्मिक मूर्तियों में श्री गणेश या बुद्ध, गोल्ड फॉयल फ्रेम, और क्रिस्टल के शोपीस को भी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इस तरह के गिफ्ट कान्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी ज्यादा खरीदते हैं। महंगे कोचिंग सेंटर्स में भी गिफ्ट देने की परंपरा निभाई जाती है। जबकि विद्यालयों में संयुक्त रूप से उपहार में कार्यालय की उपयोगी सामग्री को शामिल किया जाता है।

---

# जैन रिलीफ ट्रस्ट ने 850 से अधिक निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन से रचा नया कीर्तिमान

**रायपुर।** भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट ने 13 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। पचपेड़ी नाका स्थित अरबिंदो नेत्रालय में रविवार को इस अवसर पर ट्रस्ट से जुड़े जनसेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक पगारिया ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक रविवार को मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। अभी तक 850 से भी अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन, 2200 से अधिक निशुल्क नेत्र परीक्षण और 50 से अधिक लोगों के लेजर ऑपरेशन सफलता से किए गए हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवा पहुंचाना और हर वर्ष सेवा के नए आयाम स्थापित करना हैं। इस दिशा में ट्रस्ट आगे भी बेहतर प्रयास करेगा।



### समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण

मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए एक लाख एक हजार की सहयोग राशि देने के लिए घोषणा की। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट मानव सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से काम कर रहा है। समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। 850 से ज्यादा लोगों का निशुल्क ऑपरेशन कराना एक बड़ा संकल्प है। समारोह में गजराज पगारिया, डॉ. आनंद सक्सेना सहित कई वरिष्ठजन, समाजसेवी एवं ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे। ट्रस्ट की 13 वर्षों की सेवा यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में सम्पत झाबक ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

# कांदे नवमी उत्सव में आज होंगी संगीतमय प्रस्तुतियां

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में गुरुवार की शाम 6 बजे से कांदे नवमी उत्सव का आयोजन किया गया है। उत्सव शुरू होने से पहले आसन्न 26 जुलाई के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर सबसे पहले पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसके तत्काल बाद कार्यकारिणी सदस्यों, पदाधिकारियों सहित सभासदों की व्यक्तिगत संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही अन्य कुछ सभासद स्टैंडअप कामेडी भी करेंगे। उत्सव का समापन प्याज से बने सुस्वादु व्यंजनों से सजे रात्रिभोज से किया जाएगा। सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मजेदार चुटकुलों, गानों और मनोरंजक के ठहाके तो लगेंगे ही। साथ ही रात्रिभोज में प्याजी पकौड़े, प्याजी झुनका, प्याज-ककड़ी, प्याजी कचूंबर सहित अनेक व्यंजन रात्रिभोज में खास तौर से परोसे जाएंगे।

# कश्मीर के रंग सखियों के संग थीम पर किटी पार्टी

**रायपुर।** शहर में अर्जुन एन्क्लेव की महिलाओं ने "कश्मीर के रंग, सखियों के संग" थीम पर किटी पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान कश्मीर की संस्कृति और हसीन वादियों को जीवंत करने का सुंदर प्रयास किया। महिलाओं ने अपने दैनिक कार्यों से कुछ समय निकालकर स्वयं के लिए यादगार पल बिताए और आपसी स्नेह, मित्रता एवं उत्साह के साथ इस थीम का आनंद लिया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दीया मूलचंदानी ने टीम के साथ कश्मीरी संस्कृति को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। चांदनी मूलचंदानी, सोनिया अग्रवाल, ममता तिवारी, प्राची खेमानी, पूजा भार्गव एवं भावना पंजवानी ने उत्साह से सहभागिता निभाई। महिलाएं कश्मीरी थीम के अनुरूप आकर्षक सलवार-सूट, सिर पर बंधे दुपट्टों, ऑक्सिडाइज सिल्वर ज्वेलरी, रंग-बिरंगी चूड़ियों एवं पारंपरिक कश्मीरी शैली की एक्सेसरीज़ में सजी नजर आईं।



### विभिन्न गेम्स खेलने के बाद रील्स भी बनाए

हाथों में फूलों से सजे फ्लॉवर पॉट्स और रंगबिरंगे फूलों ने वातावरण को कश्मीर की हसीन वादियों जैसा मनमोहक स्वरूप प्रदान किया। किटी पार्टी में महिलाओं ने रील्स बनाई, फोटोग्राफी की और विभिन्न मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। पंक्चुअलिटी गेम में दीया मूलचंदानी प्रथम एवं सोनिया अग्रवाल द्वितीय रहीं। वहीं किटी गेम में दीया मूलचंदानी प्रथम, पूजा भार्गव द्वितीय तथा चांदनी मूलचंदानी तृतीय स्थान पर रहीं। महिलाओं ने यह संदेश दिया कि व्यस्त दिनचर्या के बीच स्वयं के लिए कुछ पल निकालना, अपनी रुचियों को जीना और मित्रों के साथ खुशियां बांटना भी जीवन का एक हिस्सा है। कश्मीरी संस्कृति, पारंपरिक परिधानों और सखियों के उत्साह ने अवसर को यादगार बना दिया।

---

## चिकित्सक की सलाह- प्लेटलेट्स डोनर डिस्प्रिन टेबलेट न खाएं, रखें सेहत का ख्याल

# बरसात शुरू होते ही डेंगू वायरल के मरीजों को पड़ती है प्लेटलेट्स की जरूरत, तब डोनर्स ग्रुप करते हैं सहयोग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कुछ अरसे पहले रक्तदान से कमजोरी आने को लेकर समाज में अफवाहें प्रचलित थीं, वहीं अब नई पीढ़ी इसे सेहतमंद जीवनशैली का हिस्सा मान रही है। युवाओं में न केवल रक्तदान को लेकर उत्साह बढ़ा है, बल्कि अब प्लेटलेट्स डोनेशन को लेकर भी जागरूकता बढ़ी है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में जब डेंगू जैसे वायरल संक्रमण फैलते हैं, तब प्लेटलेट्स की मांग अस्पतालों में बढ़ जाती है। डेंगू के साथ ही कैंसर और आईटीपी ( बिना कारण प्लेटलेट्स की कमी) जैसी बीमारियों में भी प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ती है। चिकित्सकों की मानें तो एक स्वस्थ व्यक्ति प्लेटलेट्स डोनेशन के बाद 24 से 28 घंटे में दोबारा सामान्य स्तर पर पहुंच जाता है। इतना ही नहीं, स्वस्थ डोनर्स महीने में चार बार भी प्लेटलेट्स डोनेट करते हैं।

### मरीजों को जरूरत पड़ने पर आते हैं फोन




रक्तदाता ग्रुप चलाने वाले एम. वासुदेव राव ने बताया कि 18 वर्ष की उम्र से रक्तदान की शुरुआत की, अब तक 183 बार रक्तदान कर चुका हूं। डेंगू, कैंसर और गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा जैसी परिस्थिति में अस्पतालों प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ती है। ऐसे में मरीजों को नया जीवन देने का काम युवा रक्तदाता कर रहे हैं। एम. वासुदेव ने बताया कि अभी तक 104 बार प्लेटलेट्स दान किए हैं। स्वस्थ शरीर में प्लेटलेट्स 24-28 घंटे में पुनः तैयार हो जाते हैं। इससे हार्ट अटैक की संभावना 95 प्रतिशत तक टल जाती है। ऐसे में रक्तदाताओं को भी रक्तदान से कई तरह के फायदे होते हैं।

### स्वस्थ शरीर में प्लेटलेट सेल की आवश्यकता

मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. योगेंद्र मल्होत्रा और डा. विनय वर्मा ने बताया कि बरसात के दिनों में प्लेटलेट्स की मांग बढ़ने लगती हैं, इसका मुख्य कारण डेंगू जैसी बीमारी है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान, कैंसर थैरेपी, दुर्घटना एवं आईटीपी के स्थिति में भी मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत होती है। ऐसे में रक्तदाताओं को डिसप्रिन टेबलेट न खाने की सलाह दी जाती हैं, जो शरीर में प्लेटलेट्स को कमजोर करती है। स्वस्थ शरीर में डेढ़ लाख से चार लाख तक प्लेटलेट सेल होनी चाहिए, लेकिन इससे कम होने पर उसे तुरंत आवश्यकता होती है। मरीजों का जीवन बचाने वाले डोनर्स को इसके लिए ज्यादा सजग रहने की जरूरत होती है।

## हेल्थ टिप्स

# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत सिर्फ सीने में दर्द ही नहीं दिखते हैं और भी लक्षण



हाई कोलेस्ट्रॉल एक गंभीर समस्या है, जो अक्सर बिना किसी बड़े लक्षणों के बढ़ती है और हृदय रोग का खतरा बढ़ाती है। लेकिन फिर भी जब कोलेस्ट्रॉल लेवल शरीर में बढ़ता है तो कुछ लक्षण दिखते हैं, आइए जानते हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल एक ऐसी खामोश स्वास्थ्य समस्या है जो अक्सर बिना किसी बड़े लक्षण के बढ़ती रहती है। इसे 'साइलेंट किलर' के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इसके शुरुआती चरणों में कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिखते। हालांकि जब शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है और यह धमनियों में प्लाक के रूप में जमा होने लगता है, तो यह धमनियों को संकरा कर देता है, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है।

ऐसे में, हृदय रोग, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। जब लक्षण दिखने शुरू होते हैं, तो वे अक्सर इस बात का संकेत होते हैं कि समस्या गंभीर हो चुकी है और तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। इसके आम लक्षणों की बात की जाए तो सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने के बारे में ज्यादातर लोगों को मालूम है। आइए इस लेख में इन लक्षणों के चार ऐसे प्रमुख लक्षणों के बारे में जानते हैं, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के प्रमुख लक्षण हैं।

### सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ

रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रॉल के जमाव से



धमनियां कठोर और संकरी हो जाती हैं, जिससे हृदय तक पर्याप्त ऑक्सीजन-युक्त रक्त नहीं पहुंच पाता। इस स्थिति को एथेरोस्क्लेरोसिस कहते हैं। जब यह धमनियां संकरी होती हैं, तो व्यक्ति को गतिविधि या तनाव के दौरान सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है। यह दर्द अक्सर भारीपन, दबाव या जकड़न के रूप में महसूस होता है। रक्त प्रवाह में कमी के कारण शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती, जिससे सांस लेने में तकलीफ भी महसूस हो सकती है।

### पैरों में दर्द या सुन्नपन

जब शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है तो सिर्फ हृदय की धमनियों को ही नहीं, बल्कि पैरों और अन्य अंगों की धमनियों को भी प्रभावित करता है, तो इसे पेरिफेरल आर्टरी डिजीज कहते हैं। इसके कारण पैरों में, खासकर चलने या व्यायाम करते समय, दर्द, ऐंठन, भारीपन या सुन्नपन महसूस हो सकता है। आराम करने पर यह दर्द अक्सर कम हो जाता है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आपके शरीर में रक्त प्रवाह बाधित हो रहा है।

### थकान या कमजोरी

शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण धमनियों में रुकावट आने से कोशिकाओं और मांसपेशियों तक पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं पहुंच पाते हैं। इस कारण बिना किसी स्पष्ट वजह के लगातार थकान या सामान्य कमजोरी महसूस हो सकती है। यह शरीर की ऊर्जा को प्रभावित करता है और दैनिक गतिविधियों को भी मुश्किल बना सकता है।

### आंखों के पास या पलकों पर पीले धब्बे

उच्च कोलेस्ट्रॉल का एक और दृश्यमान संकेत आंखों के पास या पलकों पर दिखाई देने वाले पीले या नारंगी रंग के धब्बे होते हैं। ये वास्तव में फैट के जमाव होते हैं, जो सीधे तौर पर शरीर में उच्च कोलेस्ट्रॉल के स्तर का संकेत देते हैं। ये धब्बे आमतौर पर दर्द रहित होते हैं, लेकिन ये एक महत्वपूर्ण चेतावनी हो सकते हैं।



## ब्रिटेन के शोधकर्ताओं ने नई कोशिका-मृत्यु प्रक्रिया की पहचान की

# अल्जाइमर पर काबू पाने जगी नई उम्मीद, ब्रेन सेल्स को मारने वाले 'विषैले प्रोटीन' का खुला राज

ब्रिटेन के किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने एक नई कोशिका-मृत्यु प्रक्रिया की पहचान की है, जिसे 'कैरियोप्टोसिस नाम दिया गया है। हमारे दिमाग की अरबों तंत्रिका कोशिकाएं (न्यूरॉन्स) हर पल यादों को संजोने, सोचने-समझने, फैसले लेने और शरीर को नियंत्रित करने का काम कर रही हैं। लेकिन अगर इन्हीं कोशिकाओं के भीतर धीरे-धीरे ऐसे विषैले प्रोटीन जमा होने लगें, जो अंततः उन्हें अंदर से खत्म कर दें, तो क्या होगा? यही प्रक्रिया अल्जाइमर, फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया (एफटीडी) और एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) जैसी गंभीर न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों की सबसे बड़ी पहेली बनी हुई थी।

वैज्ञानिक लंबे समय से जानते थे कि इन बीमारियों में मस्तिष्क की कोशिकाओं में जहरीले प्रोटीन जमा होते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि ये प्रोटीन आखिर तंत्रिका कोशिकाओं को किस तरह डैमेज करके नष्ट कर देते हैं?

अब इस रहस्य की एक महत्वपूर्ण कड़ी वैज्ञानिकों के हाथ लगी है। ब्रिटेन के किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं ने एक नई कोशिका-मृत्यु प्रक्रिया की पहचान की है, जिसे 'कैरियोप्टोसिस नाम दिया गया है। शोध के अनुसार, यह प्रक्रिया तब



शुरू होती है जब विषैले प्रोटीन तंत्रिका कोशिका के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी उसके नाभिक (न्यूक्लियस) पर हमला करते हैं। नाभिक के नष्ट होने के साथ ही कोशिकाएं अपनी सामान्य कार्यप्रणाली खो देती है और अंततः डेड होने लग जाती हैं।

### न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों के इलाज में होगी आसानी

नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित यह अध्ययन करीब दस वर्षों की लगातार रिसर्च का नतीजा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि इस नई प्रक्रिया को दवाओं के जरिए रोका



या धीमा किया जा सके, तो भविष्य में अल्जाइमर, फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया और एएलएस जैसी लाइलाज मानी जाने वाली बीमारियों की प्रगति को धीमा करने वाली नई उपचार पद्धतियां विकसित करना संभव हो सकता है। यह खोज न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों के इलाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि मानी जा रही है। शोधकर्ताओं ने कैरियोप्टोसिस नामक नई कोशिका-मृत्यु प्रक्रिया की पहचान की है। जिसके तहत विषैले प्रोटीन कोशिका के नाभिक को नष्ट कर देते हैं और अंततः तंत्रिका कोशिकाएं डेड होने लगती हैं।

अब तक वैज्ञानिक जानते थे कि अल्जाइमर, फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया और एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस (एएलएस) जैसी बीमारियों में मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं के भीतर विषैले प्रोटीन जमा होते हैं, लेकिन ये प्रोटीन आखिर कोशिकाओं को किस तरह नष्ट करते हैं, इसका स्पष्ट उत्तर नहीं मिल पाया था।

### समझ में आएगी बीमारी की जैविक प्रक्रिया

नई खोज ने इस महत्वपूर्ण कड़ी से पर्दा उठाया है और



बीमारी की जैविक प्रक्रिया को समझने में नई दिशा दी है।शोध के अनुसार जब तंत्रिका कोशिकाओं के भीतर विषैले प्रोटीन लगातार जमा होने लगते हैं तो वे कैरियोप्टोसिस नामक रासायनिक प्रक्रिया को सक्रिय कर देते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान कोशिका का नाभिक, जिसमें उसकी पूरी आनुवंशिक जानकारी सुरक्षित रहती है, धीरे-धीरे सिकुड़ने लगता है। इसके बाद नाभिक की बाहरी झिल्ली कमजोर होकर टूट जाती है और अंततः पूरी कोशिका नष्ट हो जाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अल्जाइमर और फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया में बड़ी संख्या में न्यूरॉन की मौत के पीछे यही प्रक्रिया एक प्रमुख कारण हो सकती है।

# वास्तु के प्रभावशाली चिन्ह घर में लाते हैं सुख-समृद्धि

वास्तु के अनुसार यदि घर में कुछ प्रभावशाली चिन्ह को रखा जाए, तो घर में सुख-समृद्धि वास करती हैं। साथ ही बरकत और खुशहाली पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### ओमः

ॐ अनहद नाद का प्रतीक है। ब्रह्मांड में इसी तरह का नाद लगातार गूंज रहा है। ॐ शब्द तीन ध्वनियों से बना हुआ है- अ, उ, म इन तीनों ध्वनियों का अर्थ उपनिषद में भी आता है। भूः लोक, भुवः लोक और स्वर्ग लोक का प्रतीक है। यह धर्म में हमारी आस्था को बढ़ाता है।

### पंचसूलक

हल्दी के हाथ की छाप को पंचसूलक कहते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार यह नकारात्मक शक्तियों को बाहर ही रोक देता है। मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी पंचसूलक की छाप सुख, शांति, समृद्धि और शुभता लाती है। स्वस्तिक शब्द को 'सु' और 'अस्ति' दोनों से मिलकर बना है। 'सु' का अर्थ है शुभ और 'आस्तिक' का अर्थ है होना यानी जिससे 'शुभ हो', 'कल्याण हो' वही स्वस्तिक है।

### स्वास्तिक

स्वस्तिक शब्द को 'सु' और 'अस्ति' दोनों से मिलकर बना है। 'सु' का अर्थ है शुभ और 'आस्तिक' का अर्थ है होना यानी जिससे 'शुभ हो', 'कल्याण हो' वही स्वस्तिक है। द्वार पर और उसके बाहर आसपास की दोनों दीवारों पर स्वास्तिक का चिन्ह लगाने से वास्तुदोष दूर होता है और शुभ मंगल होता है। इससे



दरिद्रता का नाश होता है।

### कमल

हिन्दू पुराणों के अनुसार कमल के फूल की उत्पत्ति भगवान विष्णु जी की नाभि से हुई है और कमल के फूल से ब्रह्माजी की उत्पत्ति मानी जाती है। कमल के पुष्प को ब्रह्मा, लक्ष्मी तथा सरस्वती जी ने अपना आसन बनाया है। कमल का फूल जल से उत्पन्न होकर कीचड़ में खिलता है परंतु वह दोनों से निर्लिप्त रहकर पवित्र जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कहते हैं कि कमल के फूल की ही तरह सृष्टि और इस ब्रह्मांड की रचना हुई है और यह ब्रह्मांड इसी फूल की तरह है। मंदिरों के गुंबद और स्तंभों पर कमल की आकृति बनाई जाती है। यह शुभता और समृद्धि का प्रतीक है।

### त्रिशूल

त्रिशूल 3 प्रकार के कष्टों दैनिक, दैविक, भौतिक के विनाश का सूचक भी है। यह महाकालेश्वर के 3 कालों (वर्तमान, भूत, भविष्य) का प्रतीक भी है। यह बुरी शक्तियों को रोकता है। समुद्र मंथन के दौरान अंत में भगवान धन्वंतरि देव अमृत से भरा कलश लेकर निकले थे। यह कलश उसी का प्रतीक है।

# फेंगशुई अनुसार अपने ऑफिस में इन्हें जरूर रखें



वास्तु शास्त्र और फेंगशुई दोनों में कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए कुछ विशिष्ट वस्तुओं को रखने की सलाह दी गई है। ये न केवल मानसिक ऊर्जा को बढ़ाती हैं, बल्कि तरक्की के द्वार भी खोलती हैं।

व्यवसाय में सफलता और आर्थिक उन्नति केवल मेहनत और रणनीति से ही नहीं, बल्कि कार्यस्थल की ऊर्जा से भी प्रभावित होती है। वास्तुशास्त्र और फेंगशुई दोनों में कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए कुछ विशिष्ट वस्तुओं को रखने की सलाह दी गई है। ये न केवल मानसिक ऊर्जा को बढ़ाती हैं, बल्कि तरक्की के द्वार भी खोलती हैं। आइए जानें ऐसी पांच वस्तुओं के बारे में जो ऑफिस में आकर्षक तरीके से सजाकर रखने से आकर्षण भी बढ़ेगा और सफलता भी।

### क्रिस्टल ग्लोब

एक सुंदर आकर्षक क्रिस्टल ग्लोब को ऑफिस की उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। यह व्यापारिक सोच को वैश्विक दृष्टिकोण देता है और नए अवसरों की ओर संकेत करता है। यह निर्णय क्षमता को मजबूत करता है और विदेश से जुड़े व्यवसाय में विशेष लाभ प्रदान करता है।

### गोल्डन मनी ट्री

गोल्डन रंग का मनी ट्री आजकल बहुत सजावटी रूप में उपलब्ध है। इसे ऑफिस की दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें। यह वृक्ष धनागमन की प्रतीकात्मक ऊर्जा को सक्रिय करता है। फेंगशुई के अनुसार यह आय के स्त्रोत बढ़ाता है और खर्चों पर नियंत्रण लाता है।



# बाजार में बिकने वाले 'हेल्दी फूड्स' लीजिए सोच समझकर

बाजार में ऐसी कई चीजें मिलती हैं, जिसे हेल्दी बताकर बेचा जाता है। अक्सर ये पैकेट में बिकने वाले खाद्य पदार्थ जिनके लेबल पर हेल्दी होने का दावा किया जाता है, वो अनहेल्दी होते हैं। आइए इस लेख में ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में जानते हैं। आजकल हर कोई स्वस्थ रहना चाहता है, और इसके लिए हम अक्सर बाजार में मिलने वाले उन खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित होते हैं जिन पर 'हेल्दी', 'नैचुरल' या 'ऑर्गेनिक' का लेबल लगा होता है। मार्केटिंग कंपनियां हमें विश्वास दिलाती हैं कि ये उत्पाद हमारी सेहत के लिए वरदान हैं। लेकिन, सच्चाई अक्सर इस दावे से कोसों दूर होती है। कई बार, ये तथाकथित 'हेल्दी फूड्स' वास्तव में छिपी हुई चीनी, कृत्रिम सामग्री, अनहेल्दी फैट और अत्यधिक प्रोसेसिंग के कारण हमारी सेहत



को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में, यह समझना बेहद जरूरी है कि कौन से खाद्य पदार्थ 'स्वस्थ' होने का दिखावा करते हैं, लेकिन वास्तव में हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

### डाइट सोडा

डाइट सोडा को अक्सर चीनी-मुक्त और शून्य-कैलोरी पेय के रूप में प्रचारित किया जाता है, जिससे यह वजन घटाने वालों के लिए एक स्वस्थ विकल्प लगता है। हालांकि इसमें कैलोरी नहीं होती, लेकिन इसमें कृत्रिम मिठास का उपयोग होता है। शोध बताते हैं कि ये कृत्रिम मिठास आंत के माइक्रोबायोम (पेट के अच्छे बैक्टीरिया) के संतुलन को भी बिगाड़ सकती हैं। कुछ अध्ययनों ने इन्हें वजन बढ़ने, टाइप 2 डायबिटीज और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के बढ़ते जोखिम से भी जोड़ा है। इसके अलावा इसकी हाई एसिडिक नेचर दांतों के इनेमल को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

### बोतल बंद जूस

बोतल बंद जूस को अक्सर फलों से मिलने वाले विटामिन का एक आसान तरीका माना जाता है। हालांकि इनमें कुछ विटामिन हो सकते हैं, लेकिन प्रोसेसिंग के दौरान इनमें से फाइबर पूरी तरह से निकल जाता है। फाइबर के बिना फलों में मौजूद प्राकृतिक चीनी (फ्रुक्टोज) बहुत तेजी से ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाती है, जो कि पूरे फल खाने पर नहीं होता। कुछ ब्रांडों में तो अतिरिक्त चीनी भी मिलाई जाती है। जूस पीने से पेट भी उतनी देर भरा हुआ महसूस नहीं होता जितना पूरा फल खाने से होता है, जिससे आप ज्यादा कैलोरी का सेवन कर सकते हैं। ताजे, साबुत फल खाना हमेशा बोतल बंद जूस से बेहतर विकल्प है।

### एनर्जी बार्स

एनर्जी बार्स को अक्सर एक स्वस्थ स्नैक्स विकल्प के रूप में देखा जाता है, खासकर व्यस्त लोगों या कसरत के बाद के लिए। लेकिन, अगर आप इनके पोषण लेबल को ध्यान से पढ़ें, तो पाएंगे कि इनमें से कई एनर्जी बार में अत्यधिक मात्रा में चीनी (कॉर्न सिरप, ग्लूकोज सिरप, या यहां तक कि शहद भी बड़ी मात्रा में) और हेल्दी फैट छिपी होती है।



# अपने परिजनों के लिए बना दें पेरेंट्स डे को यादगार, मिलेगी भरपूर खुशियां

मां-बाप से बड़ा कोई रिश्ता नहीं होता है। हर इंसान की जिंदगी में माता-पिता सबसे पहला और सबसे मजबूत सहारा होते हैं। वो चुपचाप आपके लिए सब कुछ करते हैं, बिना कुछ मांगे, बिना थके। ऐसे में एक दिन अगर सिर्फ उनके नाम हो, तो क्या आप नहीं चाहेंगे कि वो दिन उनके लिए कुछ खास हो? हर साल जुलाई के चौथे रविवार को अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में नेशनल पेरेंट्स डे मनाया जाता है। भारत में भी इस दिन को माता-पिता के प्रति आभार जताने और उनके बलिदानों को याद करने के लिए सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल 26 जुलाई को पेरेंट्स डे मनाया जाएगा । पेरेंट्स डे को खास बनाने कुछ आसान और दिल से जुड़े तरीके आपके लिए।



### भावना से जुड़ा खास तोहफा


कभी-कभी सबसे खूबसूरत गिफ्ट वह होता है जो खुद से बनाया गया हो। तोहफे से ज्यादा भावना मायने रखती है। इसलिए गिफ्ट ऐसा हो जो आपकी भावनाओं की अभिव्यक्ति करें। फिर चाहे वो एक छोटा सा कार्ड हो, उनके लिए तैयार किया गया मनपसंद खाना हो या बचपन की कोई पुरानी फोटो को फ्रेम कर देना हो। इससे उन्हें महसूस होगा कि आप सच में उन्हें याद करते हैं।

### संघर्ष और बलिदानों को स्वीकारें

माता-पिता बच्चे को एक अच्छी जीवन और भविष्य देने के लिए कई त्याग करते हैं। अपनी पसंद, शौक और सपनों को छोड़ देते हैं। बच्चों द्वारा उनके संघर्ष और बलिदान को याद करना और स्वीकार करना माता-पिता के लिए किसी सम्मान से कम नहीं होता। इस दिन के लिए एक छोटा सा वीडियो बनाएं जिसमें उनके जीवन के संघर्ष, परवरिश और उनके प्यार के लिए शुक्रिया अदा किया जाए।

### उनकी पसंद को समझें

माता-पिता ये भलीभाति जानते हैं कि उनके बच्चे को क्या पसंद है और क्या नहीं। अभिभावक अपने बच्चों की पसंद को ही अपना बना लेते हैं और खुद की पसंद-नापसंद को नजरअंदाज करते हैं। बच्चों को ये जानना चाहिए कि उनके अभिभावक को क्या पसंद है। अपने हाथों से उनका मनपसंद खाना बनाकर उन्हें सरप्राइज कर सकते हैं। अगर वह किसी जगह को घूमने की ख्वाहिश रखते हैं तो इस दिन उन्हें यहां ले जाएं ताकि उनकी इच्छा पूरी हो सके।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जारी हुआ क्रूज की नई फिल्म का वीडियो, फुटबॉल के दिग्गजों को दी है श्रद्धांजलि

मेकर्स ने 'डिगर' का एक प्रमोशनल वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों पेले, माराडोना, क्रिस्टियानो और मेसी का नाम लिया है। टॉम क्रूज की अपकमिंग फिल्म 'डिगर' के मेकर्स ने एक नया प्रमोशनल वीडियो जारी किया है। इसमें एक्टर अपने किरदार डिगर रॉकवेल के रूप में नजर आ रहे हैं। यह वीडियो न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्लोजिंग सेरेमनी में क्रूज के शामिल होने से पहले आया है। शेयर किए गए इस वीडियो में क्रूज डिगर रॉकवेल के रूप में दिखते हैं और फुटबॉल के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे पेले, डिएगो माराडोना, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का जिक्र करते हुए एक पैगाम देते हैं। वीडियो में क्रूज यानी डिगर रॉकवेल कहते हैं, 'क्या आप जानना चाहते हैं कि एक लीजेंड को बाकी लोगों से क्या अलग बनाता है? यह किस्मत नहीं है। यह रफ्तार भी नहीं है। हां, यह कंट्रोल है। महान खिलाड़ी पेले, माराडोना, क्रिस्टियानो, मेसी... वे गेंद के पीछे भागते नहीं हैं। गेंद उनकी बात मानती है।' वे आगे कहते हैं 'मेरे लिए, यानी डिगर के लिए, मैं बहुत बड़ी गेंद के साथ खेलता हूं और मैं सिर्फ जीतने के लिए नहीं, बल्कि दबदबा बनाने के लिए खेलता हूं। देखिए हम लीजेंड्स आपको कुछ भी यकीन दिला सकते हैं।' एलेजांद्रो जी इनारितु के निर्देशन में बनी 'डिगर' एक कॉमेडी फिल्म है। इसमें क्रूज डिगर रॉकवेल की भूमिका में हैं, जो एक तेल कारोबारी है। यह फिल्म दो अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### टॉलीवुड

## शूटिंग के दौरान लगी बालकृष्ण को चोट, जूनियर एनटीआर ने जताई चिंता

साउथ के अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण को एक फिल्म की शूटिंग के दौरान पैर में चोट लग गई है। अभिनेता जूनियर एनटीआर ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। अनुभवी अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण काकीनाडा में अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए एक्शन सीक्वेंस फिल्माते समय जख्मी हो गए हैं। अभिनेता फिल्म 'एनबीके111' के लिए काकीनाडा बंदरगाह क्षेत्र में एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग कर रहे थे। उन्हें पैर में चोट लगी है। हादसे के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके पैर का इलाज शुरू किया।



डॉक्टरों ने बालकृष्ण को छोटी सी सर्जरी कराने की सलाह दी है। उम्मीद की जा रही है कि अभिनेता कुछ हफ्तों के लिए आराम कर सकते हैं। नंदमुरी बालकृष्ण को चोट लगने की खबर सामने आते ही अभिनेता जूनियर एनटीआर ने एक्स पर लिखा 'बाला बाबाई, जल्द ही ठीक हो जाओ। तुम्हारे शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। मैं तुम्हें पूर्ण रूप में वापस दहाड़ते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं।' फिल्म के निर्माताओं ने भी सोशल मीडिया पर एक बयान के जरिए अभिनेता को चोट लगने की पुष्टि की है।

बयान में कहा गया 'काकीनाडा में एनबीके111 के लिए एक एक्शन सीक्वेंस के फिल्मांकन के दौरान, नंदमुरी बालकृष्ण गारू की मांसपेशियों में मामूली चोट आ गई। मेडिकल टीम की सलाह के अनुसार, वह तेजी से ठीक होने के लिए एक छोटी सर्जरी प्रक्रिया से गुजरेंगे।' बयान में आगे कहा गया 'सिनेमा के प्रति उनका अटूट समर्पण, अनुशासन और जुनून एनबीके 111 के सेट पर सभी को प्रेरित करता है। प्रक्रिया नियमित है और चिंता की कोई बात नहीं है।

### भोजपुरी

## 'लॉक अप 2' में छलका आकांक्षा का दर्द, गौरव की पत्नी होने पर कही बड़ी बात

'लॉक अप 2' में आकांक्षा चमोला अब सेफ हो गई हैं। हालांकि इस बार उन्होंने अपने और गौरव खन्ना के रिश्ते और तलाक को लेकर कई बातें कही और गलत समझने पर अपना दर्द बयां किया।



रियलिटी शो 'लॉक अप 2' अब अपने चौथे हफ्ते में पहुंच गया है। शो के कंटेस्टेंट्स ने 3 हफ्तों का सफर पूरा कर लिया है और शो अब भी दिलचस्प बना हुआ है। इसी बीच आकांक्षा चमोला एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में शो के टास्क के बाद वो खतरे में थी और बाहर जाने वाली थी। लेकिन उनके सच बोलने की वजह से उन्हें इस हफ्ते सेफ कर दिया गया है, जिसके बाद उन्होंने जनता के सामने खुलकर अपनी बात रखी। शो के तीसरे हफ्ते के आखिर में एक्टर अर्जुन कपूर जजमेंट डे पर 'जनता की आवाज' बनकर पहुंचे। इस बार आकांक्षा चमोला, सूफी, योगेश, हर्षद और शिवांगी खतरे में थे। वहीं फराह खान और रितेश देशमुख के पास किसी एक कैदी को सेफ करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने आकांक्षा चमोला को सच बोलने की वजह से बचा लिया और आगे के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इसी बीच आकांक्षा ने इमोशनल होकर कहा, 'आपका बहुत धन्यवाद। आप लोगों से ये रिस्पेक्ट और भरोसा मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। कुछ महीनों में पूरे देश ने मुझे गलत समझा, क्योंकि मैं किसी की पत्नी हूं। लोगों ने मुझे और मेरे बिहेवियर को उसी नजर से देखा।

### जेंडर से परे

फैशन उद्योग इस सांस्कृतिक दौर में उभरती पहचान की राजनीति से जूझ रहा है, ऐसे में एजेंडर और अनजेंडर जैसे शब्दों का प्रचलन बढ़ गया है। पिछले पांच सालों में, उद्योग ने इन शब्दों का इस्तेमाल एक ही अर्थ में किया है। ये शब्द उभयलिंगी परिधानों (मुख्य रूप से महिलाओं के लिए), यूनिसेक्स शैलियों (अक्सर सादे, एक जैसे पुरुष-महिला परिधानों के सेट) और कुछ हद तक स्पष्ट क्रॉस-ड्रेसिंग (जिसका पुरुषों के लिए फैशन जगत में बहुत कम प्रभाव रहा है) के लिए व्यापक रूप से प्रयोग किए जाते हैं।



लाइफ स्टाइल

## चाहती हैं नेचुरल ग्लो तो घर पर बनाएं जादुई फेस पैक

सावन का महीना बस कुछ ही दिनों बाद 30 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक परिधानों में खूब सजती और संवरती हैं। वैसे तो महिलाएं किसी भी त्योहार से पहले पार्लर जाकर स्किन केयर कराती हैं, लेकिन कई बार ऐसा कराना संभव नहीं हो पाता, इसलिए अगर आप भी घर पर ही खूबसूरत और दमकती त्वचा चाहती हैं, तो इन घरेलू फेस पैक्स को जरूर आजमाएं। ये फेस पैक न सिर्फ आपकी त्वचा को चमकदार बनाएंगे, बल्कि उसे प्राकृतिक रूप से पोषण भी देंगे।

### बेसन और हल्दी फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच बेसन, 1 चुटकी हल्दी और 1 चम्मच दही या गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले तो सभी चीजों को एक कटोरी में मिला लें। अब इसे ब्रश की मदद से चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। अब इसे ऐसे ही कुछ देर तक लगा रहने दें, ताकि इसका असर आपके चेहरे पर अच्छी तरह से हो जाए। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। ये पैक टैनिंग हटाता है और त्वचा को नैचुरल ग्लो देता है।

### चंदन और गुलाब जल फेस पैक

इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सिर्फ 1 चम्मच चंदन पाउडर और 1-2 चम्मच गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। अब इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले चंदन पाउडर में गुलाब जल मिक्स करना है। अब इस पेस्ट को अपने साफ चेहरे पर ब्रश की मदद से अप्लाई करें। पेस्ट को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट रखें, फिर ठंडे पानी से धो लें। ये फेस पैक त्वचा को ठंडक देता है और रंगत को निखारता है।



### एलोवेरा और शहद फेस पैक

इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले तो 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इस पैक को बनाने के लिए दोनों को अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें। ये फेस पैक त्वचा को हाइड्रेट करता है और उसे मुलायम बनाता है। इसलिए आप हफ्ते में कम से कम तीन बार इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## किटी पार्टी में स्टाइल करें इंडो-वेस्टर्न साड़ियां, दिखेगा बस आपका जलवा




अगर आप भी इस बार किटी पार्टी में कुछ स्टाइलिश इंडियन लुक क्रिएट करने का सोच रही हैं, तो इंडो-वेस्टर्न साड़ियों से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। किसी भी पार्टी में अपने लुक को यूनिक लुक देना हर महिला को पसंद होता है, लेकिन आखिर क्या पहना जाए इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूजन बनी रहती है। कुछ लोगों को लगता है कि वेस्टर्न ड्रेसेस में ही लुक स्टाइलिश नजर आता है, परंतु ऐसा सोचना एकदम गलत है। आप इंडियन लुक में भी मॉडर्न दिख सकती हैं। अगर आप भी किटी पार्टीज में जाती रहती हैं, तो फिर आपको अपने लुक के साथ हर बार कुछ नया एक्सपेरीमेंट करना पड़ता होगा। तब जाकर लुक सबसे हटके नजर आता होगा। ऐसे में यदि आप बहुत जल्द किसी किटी पार्टी का हिस्सा होने जा रही हैं, तो इस बार डिफरेंट स्टाइल वाली इन इंडो-वेस्टर्न साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। यकीनन इन साड़ियों को पहनने के बाद आपका लुक सबसे क्लासी दिखेगा।



### साटन कैप स्टाइल इंडो-वेस्टर्न साड़ी

यदि आप किटी पार्टी में अपने ग्लैमरस लुक को फ्लॉन्ट करना चाहती हैं, तो उसके लिए यह साटन साड़ी बेस्ट रहेगी। इस इंडो-वेस्टर्न साड़ी की आपको प्लेट्स बनाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। वहीं साड़ी के संग कैप स्टाइल बेहद स्मार्ट लुक दे रहा है। इस साड़ी के संग अप पर्ल ज्वेलरी, ग्लॉसी मेकअप और फंकी बन बनाएं।



### स्टाइलिश पल्लू इंडो-वेस्टर्न साड़ी


किटी पार्टी में सिर्फ आपका ही लुक नजर आए तो उसके लिए आप अपने वार्डरोब में ऐसी स्टाइलिश पल्लू वाली प्लेन इंडो-वेस्टर्न साड़ी को शामिल करना नहीं भूलिएगा। यह साड़ी कैरी करने के बाद काफी मॉडर्न लुक देती है। इसके संग वी नेकस्लीवलेसब्लाउज काफी जंच रहा है। साड़ी के पल्लू और ब्लाउज पर लेस लगी हुई है। इस साड़ी के संग सिल्वर ज्वेलरी, न्यूड मेकअप और ओपन स्ट्रेट हेयर स्टाइल आपका लुक कंप्लीट कर देगी।

## आर्टिफिशियल झुमके से नुकसान हो रहा कान का तो अपनाएं घरेलू नुस्खे

किसी भी लुक को खूबसूरत बनाने के लिए उसके साथ ही ज्वेलरी का काफी अहम रोल होता है। इसी के चलते महिलाएं अपने हर आउटफिट के साथ अलग तरह के इयररिंग्स कैरी करती हैं। ये इयररिंग्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, पर कई बार इनकी वजह से महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। इन दिक्कतों में सबसे अहम परेशानी है कान का पकना, जिस कारण काम के छेद पर घाव बनने लगता है। अगर सही समय पर इसका इलाज न किया जाए तो ये घाव बढ़ता जाता है, जिस कारण परेशानी काफी बढ़ जाती है। यदि आपको भी कान पकने की समस्या तुरंत होती है, तो इस लेख को पढ़ें। यहां हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताएंगे, जिसको आजमाने के बाद आपके पके हुए कान फटाफट ठीक हो जाएंगे।

### आइस क्यूब का इस्तेमाल करें

कान पकने की समस्या सामने आ रही है तो तत्काल प्रभाव से आइस क्यूब का इस्तेमाल करें। इसके इस्तेमाल के लिए एक साफ कपड़े में बर्फ लपेटकर 5-10 मिनट तक हल्के-हल्के कान पर रखें। इससे सूजन और जलन में तुरंत राहत मिलेगी। कभी भी बर्फ को सीधे घाव पर न लगाएं, इससे आपको ही दिक्कत हो सकती है।



### नारियल का तेल आएगा आपके काम

हर भारतीय घर में नारियल का तेल होता ही है, जिसका इस्तेमाल आप कान पकने पर कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल है भी काफी आसान। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक साफ सूती कपड़े पर थोड़ा सा नारियल तेल लगाएं। अब इसे धीरे-धीरे घाव पर अप्लाई करें।

## शैंपू के तुरंत बाद बालों में तेल लगाने का असर जानिए यहां

आपने अक्सर बड़े-बुजुर्गों और घर की दादी-नानी को ये कहते सुना होगा कि बाल धोए हैं तो तुरंत ही तेल लगा लो क्योंकि बालों में तेल लगाने से बालों को पोषण मिलता है और इसकी सभी दिक्कतें खत्म होती हैं। लेकिन क्या ये आदत सच में फायदेमंद है? या फिर यह आपकी हेयर हेल्थ को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रही है? आपको यह जरूर जानना चाहिए कि शैंपू करने के तुरंत बाद बालों में तेल लगाना कितना सही है ? इसके साथ ही आपको बालों में तेल लगाने का सही समय भी जानना चाहिए, ताकि आपके बालों को भी तेल का पूरा लाभ मिले।

### शैंपू के बाद तेल इसलिए लगाते हैं लोग

सबसे पहले ये जान लेते हैं कि आखिर शैंपू करने के तुरंत बाद लोग बालों में तेल लगाना क्यों पसंद करते हैं। दरअसल, बालों को शैंपू से धोने की वजह से इनकी नमी पूरी तरह से खत्म हो जाती है, जिस कारण बाल फ्रिजी दिखने लगते हैं। ऐसे में बालों में नमी बनी रहे, इसकी फ्रिजीनेस कम रहे और बाल सिल्की दिखें, इसके लिए लोग बालों में शैंपू लगाने के बाद तेल का इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ-साथ बहुत से लोगों को तो लगता है कि शैंपू करने के तुरंत बाद यदि बालों में तेल लगाया जाए तो इससे बालों को पोषण मिलता है।



### ये तरीका है कितना सही ?

अब जान लेते हैं कि शैंपू करने के बाद बालों में तुरंत तेल लगाना कितना सही है। दरअसल, बालों के विशेषज्ञों की मानें तो शैंपू के तुरंत बाद गीले बालों तेल नहीं लगाना चाहिए। इससे बालों को पोषण मिले य न मिले, इस कारण से आपके बालों को काफी दिक्कतें हो सकती हैं। आइए इन दिक्कतों के बारे में जानते हैं।

कार्नर न्यूज

### ओवर कंडीशनिंग नुकसान पहुंचाता है आपके बालों को

## बालों की सेहत के लिए कंडीशनर लगाना गलत नहीं लेकिन सावधानी जरूरी, जानिए कुछ उपाय

अगर आप सोच रहे हैं कि कुछ एक्स्ट्रा हेयर कंडीशनर लगाने से काम चल जाएगा, तो आप गलत हैं। ओवर-कंडीशनिंग आपके बालों पर बैकफायर कर सकती है और आपके बालों को चिपचिपे, कमजोर और बेजान बना सकती है। लेकिन, चिंता न करें! अपने बालों पर लगाए जाने वाले हेयर कंडीशनर की मात्रा को सीमित करना इसका कारगर तरीका हो सकता है। इसके अलावा, हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स के उपयोग को कम करने से भी बालों को ठीक किया जा सकता है। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि, बालों में ओवर कंडीशनिंग के लक्षण क्या हैं? इन लक्षणों को जानकर आप भी बालों में कंडीशनर के उपयोग को सीमित करके बालों को हेल्दी बनाए रख सकते हैं।

हेयर कंडीशनर का उपयोग मुख्य रूप से मॉइश्चराइजिंग, स्मूथिंग और बालों को उलझने से बचाने के लिए किया जाता है। यह पोषण प्रदान करता है, घुंघराले पन को कम करता है, और बालों की बनावट में सुधार करने के लिए बाल के रेशे पर कोटिंग कर लेता है।



हेयर कंडीशनर का नियमित उपयोग बालों को मजबूत बनाता है। कंडीशनर की परत से बालों को शाइन और टेक्स्चर दोनों मिलता है। यही दोनों बातें हेल्दी बालों की पहली निशानी भी समझी जाती हैं। इसके अलावा, कंडीशनर आपके बालों को नर्म और मैनेज करने में आसान बनाता है। हेयर कंडीशनर बालों में नमी की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। ये अपने बालों को रेशमी और मुलायम बनाने का सबसे आसान तरीका है।

### कंडीशनर कैसे काम करते हैं?

कंडीशनर का उपयोग मुख्य रूप से बालों की सुरक्षा और इन्हें कुछ नमी प्रदान करने के लिए किया जाता है। ये बालों की शाफ्ट पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है और आपके बालों को पोषण प्रदान करके हाइड्रेट करने में मदद करता है। आमतौर पर, कंडीशनर पोषक तत्वों को बालों में लॉक करता है। ये प्रदूषकों को भी बालों से बाहर निकाल देते हैं। यह बाल के रेशों को मजबूत करने में मदद करता है, इस प्रकार ये बालों में दोमुंहेपन और बालों को टूटने से रोकता है। हर बार जब आप अपने बालों को शैम्पू करने के बाद कंडीशनर लगाते हैं, तो बालों पर एक सुरक्षात्मक परत बन जाती है। जैसे-जैसे यह परत बनती जाती है, आपके बालों में अवशोषित करने और अन्य उत्पादों पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता कम होती जाती है। बदले में, ये बालों के रेशों को क्षति से बचाने में मदद करता है।

### ओवर-कंडीशनिंग क्या है?

जब आप अपने बालों को ओवर-कंडीशन करते हैं, तो बालों का हर रेशे या क्युटिकल में भारी कोटिंग होती है। ये आपके बालों को आवश्यक मात्रा से अधिक नमी प्रदान करता है। इसकी वजह से, अन्य हेयर केयर प्रोडक्ट जैसे कि, हेयर ऑयल और सीरम बालों के रेशे में प्रवेश नहीं कर पाते हैं। इससे इन्हें लगाने का कोई फायदा नहीं होता है क्योंकि ये ठीक ढंग से काम ही नहीं कर पाते है। इसके अलावा, बाल इतने ज्यादा नर्म होने लगते हैं कि, अपना वॉल्यूम खोना शुरू कर देते हैं। याद रखें कि जब भी आप हेयर कंडीशनर का उपयोग करते हैं, तो आप हर बार प्रोडक्ट की एक एक्स्ट्रा परत से बालों के रेशों की कोटिंग करते हैं। बहुत अधिक कंडीशनर का उपयोग करना और इसे अपने बालों पर बहुत लंबे समय तक लगाए रखना, ऐसे कंडीशनर का उपयोग करना जो आपके बालों के टाइप के लिए सही नहीं है।

